Chakravarti King Emperors: It has been described that every supreme lord has fourteen jewels as :– 1. Consort Jewels (Istree Ratan) the most beautiful wife, 2. Senapati Ratan (Chief of the Army Jewels), 3. Grahpati Ratan (The Chief treasurer or wealth manager), 4. Purohit Ratan (A supreme priest performer of religious activities), 5. Vardhiki Ratan (The excellent builder of excellent chariot etc.), 6. Horse Ratan (The supreme horse), 7. Hasti Ratan (The supreme elephant), 8. Asi Ratan (The supreme sword), 9. Dand Ratan (The supreme stick), 10. Chakara Ratan (The supreme round weapon, 11.Chhatra Ratan (The super most umbrella), 12. Charam Ratan (The supreme auspicious hair broom), 13. Mani Ratan (The invaluable supreme gem), 14. Kakini Ratan (The supreme Kakini coin).

Note : Among the aforesaid Jewels the first seven jewels fall in the category of five sensed jewels and the remaining seven jewels fall in the category of one sensed body jewels. Each jewel is served by one thousand celestial beings.

१८–जंबुद्दीवे णं दीवे चउद्दस महानईओ पुव्वावरेण लवणसमुद्दं समप्पेंति, तं जहा– गंगा, सिंधू, रोहिआ, रोहिअंसा, हरी, हरिकंता, सीआ, सीओदा, नरकंता, नारीकंता, सुवण्णकूला, रुप्पकूला, रत्ता, रत्तवई।

जम्बूद्वीप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि इस द्वीप में प्रवहमान महानदियाँ पूर्व और पश्चिम दिशा से लवण समुद्र में जाकर मिलती हैं। इन महानदियों की संख्या चौदह बतायी गई है। यथा — १. गंगा नदी, २. सिन्धु नदी, ३. रोहिता नदी, ४. रोहितांसा नदी, ५. हरी नदी, ६. हरिकान्ता नदी, ७. सीता नदी, ८. सीतोदा नदी, ९. नरकान्ता नदी, १०. नारीकान्ता नदी, ११. सुवर्णकूला नदी, १२. रुप्यकूला नदी, १३. रक्ता नदी, १४. रक्तवती नदी।

While describing about the Jambu continent it has been said that continuous/constant floating great rivers merge into the lavan/salty ocean from East and West directions. The number of these great rivers has been told as fourteen. They are: 1. Ganga River, 2. Sindhu River, 3. Rohita River, 4. Rohitasa River, 5. Hari River, 6. Harikanta River, 7. Sita River, 8. Sitoda River, 9. Narkanta River, 10. Narikanta River, 11. Suvarnakanta River, 12. Ruppyakula River, 13. Rakta River, 14. Raktavati River.

१९–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। पंचमीए णं पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं चउद्दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं चउद्दस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। लंतए कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं चउद्दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

नारक और देवों की स्थिति का वर्णन निरूपित है जिसमें कहा गया है कि इस रत्नप्रभा पृथ्वी में चौदह पल्योमप स्थिति वाले कितने ही नारक हैं। पाँचवीं पृथ्वी में कहीं-कहीं चौदह सागरोपम स्थिति वाले नारक हैं। कितने ही असुर कुमार देवों की स्थिति चौदह पल्योपम कही गई है। सौधर्म और ईशान कल्पों के कितने ही देव चौदह पल्योपम स्थिति के कहे गए हैं। लान्तक कल्प में चौदह सागरोपम स्थिति वाले देवों का वर्णन है।

The life duration of the celestial beings and hellish beings is described as:— there are infernal beings whose life span is of fourteen Palyopama duration. The duration of life of hellish beings at some places of fifth hell has been described as fourteen Palyopama. The age duration of the fiendish demons has been narrated fourteen Palyopama. The celestial beings of Sudharma and Ishan kalpa are said to have the life span of fourteen Palyopama. The description of the celestial beings of Lantak kalpa having the life duration of fourteen Sagropama is also there.

१००–महासुक्के कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं जहण्णेण चउद्दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा सिरिकंतं सिरिमहिअं सिरिसोमनसं लंतयं काविट्ठं महिंदं महिंदकंतं महिंदुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसिं णं देवाणं उक्कोसेणं चउद्दस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा चउद्दसहिं अद्धमासेहिं आणमंति वा पाणमंति वा, ऊससंति वा, नीससंति वा। तेसिं णं देवाणं चउद्दसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे चउद्दसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

महाशुक्र कल्प के कितने ही देव चौदह सागरोपम जघन्य स्थिति वाले कहे गए हैं। वहाँ के देव विशिष्ट विमानों में देवरूप से उत्पन्न होते हैं। इन विशिष्ट विमानों की संख्या आठ निरूपित है। यथा — १. श्रीकान्त विमान, २. श्रीमहित विमान, ३. श्री सौमनस विमान, ४. लान्तक विमान, ५. कापिष्ठ विमान, ६. महेन्द्र विमान, ७. महेन्द्र कान्त विमान, ८. महेन्द्रोत्तरावतंसक विमान। वे देव चौदह सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले कहे गए हैं। वे देव चौदह अर्धमासों यानि सात मासों के अन्तराल से उच्छ्वास और निःश्वास अथवा आन व प्राण की क्रिया सम्पन्न करते हैं। वे देव चौदह हजार वर्षों के उपरान्त आहार ग्रहण करने की इच्छा रखते हैं।

कितनेक भव्यसिद्धिक जीव हैं जो चौदह भव (चौदह बार जन्म) ग्रहण करेंगे। उसके उपरान्त वे जीव सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। वे जीव अन्ततोगत्वा समस्त दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

The celestial beings of Mahashukra kalpa have minimum life-span of fourteen Sagropama. The celestial beings of these kalpas reincarnated in the form of celestial beings in the special celestial vehicles. They have been described eight in number: 1. Shreekant Viman, 2. Shreemahit Viman, 3. Shree Somnas Viman, 4. Lantak Viman, 5. Kayisth Viman, 6.Mahendra Viman, 7. Mahendrakant Viman, 8. Mahendravatansak Viman. The maximum life duration of the celestial beings of the sevimanas has been stated as fourteen Sagropama. They complete the activity of inhaling and exhaling once after the interval of fourteen half months means seven months. They desire for food once after the completion of fourteen years. Out of them, those capable of salvation will take only fourteen births in future. After that they will get ultimate truth. After destroying all their accumulated Karmas they will get liberation. Eventually, these beings will destroy all their miseries and sufferings.

।। चौदहवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Fourteenth Samvaya)

पंद्रहवां समवाय

The Fifteenth Samvaya

१०१–पन्नरस परमाहम्मिआ पण्णत्ता, तं जहा–

[1]अंबे [2]अंबरिसी चेव [3]सामे [4]सबलेत्ति आवरे।
[5]रुद्दो [6]वरुद्द [7]काले अ [8]महाकालेत्ति आवरे॥१॥
[9]असिपत्ते [10]धणु [11]कुम्भे [12]वालुए वे [13]अरणी ति अ।
[14]खरस्सरे [15]महाघोसे एते पन्नरसाहिआ॥२॥

परम अधार्मिक देवों के विषय में कहा गया है कि इन देवों की संख्या पन्द्रह है। यथा — १. अम्ब परम अधार्मिक देव (नारकों को खींचकर उनके स्थान से नीचे गिराना और बाँधकर खुले आकाश में छोड़ देना), २. अम्बरिषी परम अधार्मिक देव (नारक को गंडासों से काट-काट कर भाड़ में पकाने के योग्य टुकड़े-टुकड़े कर डालना), ३. श्याम परम अधार्मिक देव (नारकों को कोड़ों से तथा हाथ के प्रहार आदि से मारना-पीटना), ४. शबल परम अधार्मिक देव (नारकों को चीर-फाड़ कर उनके शरीर से आंत, चर्बी, हृदय आदि निकालना), ५. रुद्र परम अधार्मिक देव (नारकों को भाले-बर्छे आदि से छिन्न-भिन्न कर ऊपर लटकाना), ६. उपरुद्र परम अधार्मिक देव (अत्यन्त क्रूरता के साथ भाले-बर्छे आदि से नारकों के शरीर को छेदन-भेदन कर ऊपर लटकाना), ७. काल परम अधार्मिक देव (नारकों को कण्डु आदि में पकाना), ८. महाकाल परम अधार्मिक देव (नारकों के पके मांस को टुकड़े-टुकड़े कर खाना), ९. असि पत्र परम अधार्मिक देव (सेमल वृक्ष का रूप धारण कर इस वृक्ष के नीचे छाया हेतु आने वाले नारकों को तलवार की धार के सदृश तीक्ष्ण पत्ते गिराकर कष्ट पहुँचाना), १०. धनु परम अधार्मिक देव (धनुष द्वारा छोड़े गए तीक्ष्ण नोक वाले वाणों से नारकियों के अंगों का छेदन-भेदन करना), ११. कुम्भ परम अधार्मिक देव (नारकों को कुम्भ आदि में पकाना), १२. वालुका परम अधार्मिक देव (वालु, कदम्ब पुष्प और वज्र के आकार-रूप धारण कर उष्ण वालु में, गर्म भाड़ में चने के समान नारकों को भूनना), १३. वैतरणी परम अधार्मिक देव (पीव, रक्त आदि से भरी हुई तप्त जल वाली नदी का रूप धारण करके प्यासे नारकों को क्षार उष्ण जल से पीड़ा पहुँचाना), १४. खरस्वर परम अधार्मिक देव (वज्रमय कंटकाकीर्ण सेमल वृक्ष पर नारकों को बार-बार चढ़ाना-उतारना), १५. महाघोष परम अधार्मिक देव (भय से भागते हुए नारकियों को बाड़ों में घेरकर उन्हें नाना प्रकार की यातनाएँ देना)।

It has been said while describing the Paramadharmik gods (extraordinary irreligious gods) that the numbers of these gods are fifteen as :- 1. Ambparamadharmik dev (they fell the hellish beings pulling them down from

their places and leave them into the open space after tying them up), 2. Ambrishi Parama adharmik dev (they cut the hellish beings into pieces with spears to make them worthy of roasting in the furnace), 3. Shyam Parama adharmik dev (engaged in beating and slapping the hellish beings with whips and with the strong blow of the hands), 4. Shabal Paramaadharmik dev (who after chopping and cutting the body of the hellish beings takeout the intestine flab and heart etc. from the body), 5. Rudra Param adharmik dev (who hang the hellish beings up after piercing them with spear and trident etc.), 6. Uprudra Parama adharmik dev (who hang the body of the hellish beings after brutally cutting and piercing them with their spear and dagger with great cruelty), 7. Kaal Parama adharmik dev (who boil the body of the hellish beings in cauldron etc.), 8. Mahakaal Parama adharmik dev (who serve the roasted and boiled meat dividing it into pieces), 9. Asipatra Paramaadharmik dev (who torture the hellish beings in disguise of Semal tree during under the shadow of Semal tree; felling them on the sword like strong edged leaves of the Semal trees), 10. Dhanu Parama adharmik dev (who cut and pierce the limbs through the sharp edged arrows shot from bows), 11. Kumbh Parama adharmik dev (who boil the hellish beings in the pitchers), 12. Baluka Parama adharmik dev (they disguise of sand, the flowers of the Kadamb and thunderbolt roast like of a gram of the hellish beings into the burning furnace in hot sand), 13. Vaitarni Parama adharmik dev(taking the form of the river filled with the water full of blood and pus torture the thirsty hellish beings by offering them that hot and salty saline water), 14. Kharswar Parama adharmik dev (they make the hellish being climb up and climb down again and again on the thunderbolt like thorny Samal tree), 15. Mahaghosh Parama adharmik dev (they give many fold sufferings and tortures to the hellish beings running out of fear by entrapping them into the fence (edgy) enclosure.

१०२–णमी णं अरहा पन्नरस धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था।

नमि अर्हत् की ऊँचाई पन्द्रह धनुष निरूपित है।

The height of the omniscient Lord Shri Nemi Nath has been told as equal to fifteen bows length.

१०३–धुवराहू णं बहुलपक्खस्स पडिवए पन्नरसभागं पन्नरस भागेणं चंदस्सलेसं आवरेत्ताण चिट्ठति, तं जहा–पढमाए पढमं भागं, बीआए दुभागं, तइआए तिभागं, चउत्थीए चउभागं, पंचमीए पंचभागं, छट्ठीए छभागं, सत्तमीए सत्तभागं, अट्ठमीए अट्ठभागं, नवमीए नवभागं, दसमीए दसभागं, एक्कारसीए एक्कारसभागं, बारसीए बारसभागं, तेरसीए तेरसभागं, चउद्दसीए चउद्दसभागं, पन्नरसेसु पन्नरसभागं, [आवरेत्ताण चिट्ठति] तं चेव सुक्कपक्खस्स य उवदंसेमाणे

उवदंसेमणे चिट्ठति, तं जहा–पढमाए पढमभागं जाव पन्नरसेसु पन्नरसभागं उवदंसेमाणे उवदंसेमाणे चिट्ठति।

पर्वराहु और ध्रुवराहु का विवेचन करते हुए कहा गया है कि ध्रुवराहु कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन से चन्द्रलेश्या (चन्द्रमा की दीप्ति या प्रकाश) के पन्द्रहवें-पन्द्रहवें दीप्तिरूप भाग को अपने श्यामवर्ण से आवृत्त करता रहता है। जैसे – प्रतिपदा के दिन प्रथम भाग को, द्वितीया के दिन द्वितीय भाग को, तृतीया के दिन, तृतीय भाग को, चतुर्थी के दिन चतुर्थ भाग को, पंचमी के दिन पंचम भाग को, षष्ठी के दिन षष्ठ भाग को, सप्तमी के दिन सप्तम भाग को, अष्टमी के दिन अष्टम भाग को, नवमी के दिन नवम भाग को, दशमी के दिन दशम भाग को, एकादशी के दिन एकादश भाग को, द्वादशी के दिन द्वादश भाग को, त्रयोदशी के दिन त्रयोदश भाग को, चतुर्दशी के दिन चतुर्दश भाग को और पन्द्रहवीं यानि अमावस्या के दिन पन्द्रहवें भाग को आवृत किए रहता है। वही ध्रुवराहु शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा के पन्द्रहवें-पन्द्रहवें भाग को उपदर्शन कराता रहता है। जैसे-शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन पन्द्रहवें भाग को प्रकट करता है, द्वितीया के दिन द्वितीय पन्द्रहवें भाग को प्रकट करता है। इसी प्रकार पूर्णमासी के दिन पन्द्रहवें भाग को प्रकटकर पूर्ण चन्द्र को प्रकाशित करता है।

विशेष : ध्रुव राहु चन्द्र विमान से चार अंगुल नीचे विचरण करता हुआ चन्द्र की एक-एक कला को कृष्ण पक्ष में आवृत्त और शुक्ल पक्ष में एक-एक कला को प्रकाशित करता रहता है।

While narrating Prav Rahu and Dhruv Rahu it has been said that from the 1st day of the dark fortnight the Dhruv Rahu covers the brightness of the moon upto its fifteenth part by his dark hue as on the first day covers the first part on second day the second part, on third day the third part, on fourth day the fourth part, on fifth day the fifth part, on sixth day the sixth part, on seventh day the seventh part, on eighth day the eighth part, on Nineth day the Nineth part, on tenth day the tenth part, on eleventh day the eleventh part, on twelfth day the twelfth part, on thirteenth day the thirteenth part, on fourteenth day the fourteenth part and on fifteenth day mean the full dark day covers the fifteenth part of the moon. And the same Dhruv Rahu in the bright fortnight uncovers the fifteen parts of the moon each day one by one as on 1st day of bright fortnight it uncovers the fifteenth part of the moon, on second day uncovers the second fifteenth part of the moon. In this way brightens the full moon by uncovering the fifteenth part of the bright day.

Note : The vehicle (Viman) of Dhruv Rahu moving four finger below the vehicle of moon covers one-fifteenth part of moon everyday in dark fortnight and brightens one-fifteenth part of moon everyday in bright fortnight.

१०४–छ णक्खत्ता पन्नरसमुहुत्तसंजुत्ता, तं जहा–

सत्तभिसय भरणि अद्दा असलेसा साई तहा जेट्ठा।
एते छण्णक्खता पन्नरसमुहुत्तसंजुत्ता।।१।।

चन्द्र के साथ पन्द्रह मुहूर्त्त तक छह नक्षत्रों के रहने का वर्णन है। यथा — १. शत भिषक् नक्षत्र, २. भरणी नक्षत्र, ३. आर्द्रा नक्षत्र, ४. आश्लेषा नक्षत्र, ५. स्वाति नक्षत्र, ६. ज्येष्ठा नक्षत्र। ये छह नक्षत्र पन्द्रह मुहूर्त्त तक चन्द्र के साथ संयोग करके रहते हैं।

There is a description that six constellation stay with moon for the duration of fifteen muhurat. They are:—1. Shatbhishak Nakshtra, 2. Bharni Nakshtra, 3. Ardra Nakshtra, 4. Ashlesha Nakshtra, 5. Swati Nakshtra, 6. Jyeshtha Nakshtra. These six constellations dwell in combination with moon for a period of fifteen muhurat.

१०५–चेत्तासोएसु णं मासेसु पन्नरसमुहुत्तो दिवसो भवति। एवं चेत्तासोयमासेसु पण्णरसमुहुत्ता राई भवति।

चैत्र और आश्विन (आसौज) मास में दिन पन्द्रह-पन्द्रह मुहूर्त्त का होता है। इसी प्रकार चैत्र और आश्विन (आसोज) मास में रात्रि भी पन्द्रह-पन्द्रह मुहूर्त्त की होती है अर्थात् चैत्र और आश्विन (आसोज) माह में पन्द्रह-पन्द्रह मुहूर्त्त के दिन व रात्रि होते हैं।

In the month of Chaitra and Ashvin the length of the day remains fifteen muhurat hours. In the same way the length of the night has been of fifteen muhurat in the month of Chaitra and Ashvin. It means the length of the day and night is of fifteen muhurat in the month of Chaitra and Ashvin.

१०६–विज्जाअणुप्पवायस्स णं पुव्वस्स पन्नरस वत्थू पण्णत्ता।

विद्यानुवाद पूर्व के वस्तु नामक पन्द्रह अर्थाधिकारों का उल्लेख है।

— In the Vaasty Namak Pravad of poorva of Vidyanuvad fifteen Arthadhikars are illustrated.

१०७–मणूसाणं पण्णरसविहे पओगे पण्णत्ते, तं जहा–सच्चमणपओगे (१), मोसमणपओगे (२), सच्चमोसमणपओगे (३), असच्चामोसमणपओगे (४), सच्चवइपओगे (५), मोसवइपओगे (६), सच्चामोसवइपओगे (७), असच्चामोसवइपओगे (८), ओरालिअसरीरकायपओगे (९), ओरालिअमीससरीरकायपओगे (१०), वेउव्वियसरीर-कायपओगे (११), वेउव्विअमीससरीरकायपओगे (१२), आहारयसरीरकायप्पओगे (१३), आहारयमीससरीरकायप्पओगे (१४), कम्मयसरीरकायप्पओगे (१५)।

मनुष्य के पन्द्रह प्रकार के प्रयोगों (आत्मा के परिस्पन्द क्रिया परिणाम या व्यापार) का वर्णन है। यथा — १. सत्यमनः प्रयोग (सत्य अर्थ का चिन्तन रूप व्यापार), २. मृषामनः प्रयोग (असत्य अर्थ का चिन्तन रूप व्यापार), ३. सत्यमृषामनः प्रयोग (सत्यासत्य मिश्रित अर्थ-चिन्तन रूप व्यापार), ४. असत्यामृषामनः प्रयोग (सत्य-मृषा से रहित अनुभव अर्थरूप चिन्तन), ५. सत्यवचन प्रयोग, ६. मृषावचन प्रयोग, ७. सत्यमृषावचन प्रयोग, ८. असत्यामृषा वचन प्रयोग, ९.औदारिक शरीर काय प्रयोग *(औदारिक शरीर वाले पर्याप्तक मनुष्य-तिर्यञ्चों के शरीर-व्यापार)*, १०. औदारिक मिश्र शरीर काय प्रयोग (औदारिक अपर्याप्तक मनुष्य-तिर्यञ्चों के शरीर व्यापार), ११. वैक्रिय शरीर काय प्रयोग (पर्याप्तक देव-नारकों के वैक्रिय शरीर-व्यापार), १२. वैक्रियमिश्र शरीरकाय प्रयोग (अपर्याप्तक देव-नारकों के वैक्रिय शरीर-व्यापार), १३. आहारक शरीर काय प्रयोग (आहारक शरीर के व्यापार के समय), १४. आहारक मिश्र शरीरकाय प्रयोग (आहारक शरीरी होकर औदारिक शरीर पुनः ग्रहण करते समय के व्यापार), १५.कार्मण शरीर काय प्रयोग (विग्रह गति में यानि एक गति को छोड़कर अन्य गति को जाते हुए जीव का योग)।

Fifteen types of urges (prayogas) (the vibrating activity of soul) have been narrated as:–1. Satyaman the true mind urge (the activity of true mental awareness), 2. False mind (urge pondering over the mode of perverse awareness), 3. True and false mind urge (the activity pertaining to pondering both the false and true combination), 4. Untrue and non-false mind urge (contemplation devoid of true and false mode of carefulness), 5. True speech urge, 6. False speech urge, 7. Combination of True and false speech urge, 8. Untrue and falseless namely practical speech urge, 9. The gross body urge (the activities of the bodies of the human and animal class beings having complete gross body, 10. Mixed gross physical body urge. The business of immature grossed physical body of human animal beings, 11. Fluid body urge (the activities of the fluid body of the celestial beings and hellish beings, 12. Mixed fluid body of the celestial and infernal beings, 13. Assimilative fluid body urge (at the time of activity of assimilative body), 14. Mixed assimilative physical body urge (the activity at the time the assimilative physical body taking again the form of the gross physical body), 15. Karman Physical body urge (formulating realm means the activity of Jeeva during movement from one state of existence to another state of existence.

१०८–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं पन्नरस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। पंचमीए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं पन्नरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइआणं पन्नरस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइआणं देवाणं पन्नरस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में पन्द्रह पल्योपम वाली स्थिति के कितने ही नारक कहे गए हैं। पाँचवीं धूमप्रभा पृथ्वी में पन्द्रह सागरोपम वाली स्थिति के कितने ही नारकों का उल्लेख है। कितने ही असुरकुमार देवों की स्थिति भी पन्द्रह पल्योपम कही गई है। सौधर्म, ईशान कल्पों में कितने ही देवों की स्थिति पन्द्रह पल्योपम कही गई है।

In the Ratanprabha hell the hellish being have been said of fifteen Palyopama life duration. In the fifth hell named Dhuma Prabha, there is a description of the infernal beings of the life duration of fifteen Sagropama. The life span of the malevolent demons has been said of fifteen Palyopama. In the Sodharma and Ishan kalpa the age duration of the celestial beings has been told of fifteen Palyopama.

१०९–महासुक्के कप्पे अत्थेगइआणं देवाणं पन्नरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा णंदं सुणंदं णंदावत्तं णंदप्पभं णंदकंतं णंदवण्णं णंदलेसं णंदज्झयं णंदसिंगं णंदसिट्ठं णंदकूडं णंदुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसि णं देवाणं उक्कोसेणं पन्नरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा पण्णरसण्हं अद्धमासाणं आणमंति वा, पाणमंति वा, ऊससंति वा, नीससंति वा। तेसि णं देवाण पण्णरसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइआ भवसिद्धिया जीवा जे पण्णरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

महाशुक्र कल्प के कितने ही देव पन्द्रह सागरोपम स्थिति के कहे गए हैं। वे देव विशिष्ट विमानों में देवरूप से उत्पन्न होते हैं। इन विशिष्ट विमानों की संख्या बारह है। यथा — १. नन्द विमान, २. सुनन्द विमान, ३. नन्दावर्त विमान, ४. नन्दप्रभ विमान, ५. नन्दकान्त विमान, ६. नन्दवर्ण विमान, ७. नन्दलेश्य विमान, ८. नन्दध्वज विमान, ९. नन्दशृंग विमान, १०. नन्दसृष्ट विमान, ११. नन्दकूट विमान, १२. नन्दोत्तरावतंसक विमान। वे देव पन्द्रह सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले होते हैं। वे देव पन्द्रह अर्धमासों (साढ़े सात मासों) के अन्तराल से उच्छ्‌वास व निःश्वास तथा आन व प्राण की क्रिया करते हैं। वे देव पन्द्रह हजार वर्षों के उपरान्त आहार की इच्छा करते हैं।

कितनेक भव्य सिद्धिक जीव हैं जो पन्द्रह भव (पन्द्रह बार जन्म) ग्रहण करेंगे। उसके बाद वे जीव सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। वे जीव अन्ततोगत्वा समस्त दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

Life of the span celestial beings of Mahashukra kalpa has beensaid of fifteen Sagropama. The celestial beings of these vehicles take birth in the unique celestial vehicles. Thenumber of these exclusive vehicles are twelve. They are: 1. Devanand Viman, 2. Sunand Viman, 3. Nandavart Viman, 4. Nand-prabh

Viman, 5. Nand-kant Viman, 6. Nand-varn Viman, 7. Nand-leshya Viman, 8. Nand-dhvja Viman, 9. Nand-shring Viman, 10. Nand-srisht Viman, 11. Nand-kut Viman, 12. Nando-travatansak Viman. These celestial beings have the maximum life span of fifteen Sagropama duration. They inhale and exhale or breath in and breath out after an interval of fifteen fortnight means after the completion of seven and a half months. They desire for food once after the completion of fifteen years. There are many beings capable of salvation among them who will take only fifteen births in future. After that they will attain salvation. After abandoning all their accumulated previous kamas they will get supreme liberation. They will destroy all their miseries in the end.

।। पंद्रहवां समवाय समाप्त ।।

(The end of Fifteenth Samvaya)

सोलहवां समवाय

The Sixteenth Samvaya

११०–सोलस य गाहा-सोलसगा पण्णत्ता, तं जहा–[१]समए [२]वेयालिए [३]उवसग्गपरिन्ना [४]इत्थीपरिण्णा [५]निरयविभत्ती [६]महावीरथुई [७]कुसीलपरिभासिए [८]वीरिए [९]धम्मे [१०]समाही [११]मग्गे [१२]समोसरणे [१३]आहातहिए [१४]गंथे [१५]जमईए गाहासोलसमे [१६]सोलसगे।

गाथा-षोडशक में सोलह गाथाएँ (अध्ययन) निरूपित हैं। यथा —१. समय अध्ययन (नास्तिक आदि के सिद्धान्तों या मतों का प्रतिपादन), २. वैतालीय अध्ययन, ३. उपसर्ग परिज्ञा अध्ययन, ४. स्त्री परिज्ञा अध्ययन, ५. नरक विभक्ति अध्ययन, ६. महावीर स्तुति अध्ययन, ७. कुशील परिभाषित अध्ययन, ८. वीर्य अध्ययन, ९. धर्म अध्ययन, १०. समाधि अध्ययन, ११. मार्ग अध्ययन, १२. समवशरण अध्ययन (तीन सौ तिरेसठ मतों का समुच्चय रूप से वर्णन), १३. याथातथ्य अध्ययन, १४. ग्रन्थ अध्ययन, १५. यमकीय अध्ययन, १६. सोलहवाँ गाथा अध्ययन।

In the sixteenth aphorism sixteen chapters have been described. They are as follows :- 1. Samay Chapter (it expounds the tenets and faiths of the atheists etc., 2. Vaitalya Chapter, 3. Upsarg Prigya Chapter (about calamities), 4. Istri Prigya Chapter (about women), 5. Narak Vibhakti Chapter (about hell), 6. Mahavir Stuti Chapter (about hymn), 7. Kushil Paribhashit Chapter, 8. Virya Chapter (about humility), 9.Dharama Chapter, 10. Samadhi Chapter, 11. Marg Chapter (about path to salvation), 12. Samavsaran Chapter (description of three hundred sixty three faiths in the integrated form), 13. Yathatatthiya Chapter

(about discipline), 14. Granth Chapter (about knots), 15. Yamkeeya Chapter, 16. Sixteenth aphorism (recitation of above said fifteen aphorisms).

१११–सोलस कसाया पण्णत्ता, तं जहा–अणंताणुबंधी कोहे, अणंताणुबंधी माणे, अणंताणुबंधी माया, अणंताणुबंधी लोभे, अपच्चक्खाणकसाए कोहे, अपच्चक्खाणकसाए माणे अपच्चक्खाण कसाए माया अपच्चक्खाणकसाए लोभे, पच्चक्खाणावरणे कोहे, पच्चक्खाणावरणे माणे, पच्चक्खाणावरणा माया, पच्चक्खाणावरणे लोभे, संजलणे कोहे, संजलणे माणे, संजलणा माया, संजलणे लोभे।

अनन्तानुबंधी आदि सोलह कषाय कहे गए हैं। जैसे—१. अनन्तानुबन्धी क्रोध , २. अनन्तानुबन्धी मान, ३. अनन्तानुबन्धी माया, ४. अनन्तानुबन्धी लोभ, ५. अप्रत्याख्यान कषाय क्रोध, ६. अप्रत्याख्यान कषाय मान, ७. अप्रत्याख्यान कषाय माया, ८. अप्रत्याख्यान कषाय लोभ, ९. प्रत्याख्यानावरण क्रोध, १०. प्रत्याख्यानावरण मान, ११. प्रत्याख्यानावरण माया, १२. प्रत्याख्यानावरण लोभ, १३. संज्वलन क्रोध, १४. संज्वलन मान, १५. संज्वलन माया, १६. संज्वलन लोभ।

Sixteen Infinite passions etc. have been explained as :– 1. Infinite anger, 2. Infinite ego, 3. Infinite deceit, 4. Infinite greed, 5. Unrestrained anger, 6. Intense passion of conceit, 7. Intense passion of deceit, 8. Intense passion of greed, 9. Mild passion of anger, 10. Mild passion conceit, 11. Mild passion deceit, 12. Mild passion greed, 13. Flickering anger, 14. Flickering conceit, 15. Flickering deceit, 16. Flickering greed.

११२–मंदरस्स णं पव्वयस्स सोलस नामधेया पण्णत्ता, तं जहा–

मंदर[१] मेरु[२] मणोरण[३] सुदंसण[४] सयंपभे[५] य गिरिराया[६]।
रयणुच्चय[७] पियदंसण[८] मज्झे लोगस्स[९] नाभी[१०] य।।१।।
अत्थे[११] अ सूरिआवत्ते[१२] सूरिआ[१३] वरणे त्ति अ।
उत्तरे[१४] अ दिसाई अ[१५] वडिंसे[१६] इअ सोलसे।।२।।

मंदर पर्वत के सोलह नाम निरूपित हैं। यथा —१. मन्दर पर्वत, २. मेरु पर्वत, ३. मनोरम पर्वत, ४. सुदर्शन पर्वत, ५. स्वयम्प्रभ पर्वत, ६. गिरिराज पर्वत, ७. रत्नोच्चय पर्वत, ८. प्रियदर्शन पर्वत, ९. लोकमध्य पर्वत, १०. लोकनाभि पर्वत, ११. अर्थपर्वत, १२. सूर्यावर्त पर्वत, १३. सूर्यावरण पर्वत, १४. उत्तर पर्वत, १५. दिशादि पर्वत, १६. अवतंस पर्वत।

Sixteen names have been christened of the Mandar Mountain as :– 1. Mountain Mandar, 2. Mountain Meru, 3. Mountain Manoram, 4. Mountain Sudarshan, 5. Mountain Swayamprabh, 6. Mountain Giriraj, 7. Mountain Ratanochchaya, 8. Mountain Priyadarshan, 9. Mountain Lokamadhya, 10.

Mountain Lokanabhi, 11. Mountain Arth, 12. Mountain Suryavart, 13. Mountain Suryavarat, 14. Mountain North, 15. Mountain Dishadi, 16. Mountain Avahans.

११३–पासस्स णं अरहतो पुरिसादाणीयस्स सोलस समणसाहस्सीओ उक्कोसिआ समणसंपदा होत्था। आयप्पवायस्स णं पुव्वस सोलस वत्थू पण्णत्ता। चमरबलीणं ओवारियालेणे सोलस जोयणसहस्साइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ते। लवणे णं समुद्दे सोलस जोयणसहस्साइं उस्सेहपरिवुड्डीए पण्णत्ते।

पुरुषादानीय पार्श्व अर्हत् के सोलह हजार श्रमण कहे गए हैं। भगवान पार्श्व की यह उत्कृष्ट श्रमण सम्पदा कही गई है। आत्मप्रवाद-पूर्व के वस्तु नामक जो अर्थाधिकार कहे गए हैं, उनकी संख्या सोलह है। चमरचंचा और बलीचंचा राजधानी का सोलह हजार योजन का आयाम विष्कम्भ कहा गया है। यह स्थिति इन राजधानियों के मध्य भाग में उतार-चढ़ाव रूप अवतारिकालयन वृत्ताकार वाले होने से है। लवण समुद्र के मध्य भाग में जल के उत्सेध की वृद्धि सोलह हजार योजन निरूपित है।

The number of the ascetics of the supreme Lord Shri Parshvanath, the super most among the human beings have been stated as sixteen thousand. It has been told the maximum ascetics wealth of supreme Lord Shri Parshvanathji. The number of the Arthadhikar (knowable) of the Vastu titled chapter of has been said as sixteen. The length and width of the capital of Chamarchancha and Balichancha has been mentioned sixteen thousand yojans. This state happens due to the circular shape of the avatarika in the middle part of these capitals. The height of the tides of the water in the middle part of the Lavan ocean has been said sixteen thousand yojanas.

११४–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं सोलस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। पंचमीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं सोलस सागरोवमा ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं अत्थेगइआणं सोलस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं सोलस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में सोलह पल्योपम वाली स्थिति के नारक कहे गए हैं। धूमप्रभा जो पाँचवीं पृथ्वी है, उसमें नारकियों की स्थिति सोलह सागरोपम कही गई है। असुरकुमार देवों और सौधर्म-ईशान कल्पों के देवों की स्थिति सोलह-सोलह पल्योपम कही गई है।

The life span of the hellish beings of this Ratanprabha hell has been described sixteen Palyopama duration. In the Dhumprabha which is the fifth hell, the life duration of the hellish beings has been said of sixteen thousand Sagropama. The life span of the malevolent demons and the celestial beings of the Saudharma and Ishan kalpa hasbeen described of sixteen Palyopama each.

११५–महासुक्के कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं सोलस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा आवत्तं विआवत्तं नंदिआवत्तं महाणंदिआवत्तं अंकुसं अंकुसपलंबं भद्दं सुभद्दं महाभद्दं सव्वओभद्दं भद्दुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसि णं देवाणं उक्कोसेणं सोलस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा सोलसण्हं अद्धमासाणं आणमंति वा पाणमंति वा, उस्ससंति वा, नीससंति वा। तेसि णं देवाणं सोलसवाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइया भवसिद्धिआ जीवा जे सोलसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

महाशुक्र कल्प के कितने ही देव सोलह सागरोपम स्थिति वाले कहे गए हैं। वे देव विशिष्ट विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। इन विशिष्ट विमानों की संख्या ग्यारह है। यथा — १. आवर्त विमान, २. व्यावर्त विमान, ३. नन्द्यावर्त विमान, ४. महानन्द्यावर्त विमान, ५. अंकुश विमान, ६. अंकुश प्रलम्ब विमान, ७. भद्र विमान, ८. सुभद्र विमान, ९. महाभद्र विमान, १०. सर्वतोभद्र विमान, ११. भद्रोत्तरावतंसक विमान। वे देव सोलह सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति के होते हैं। वे देव सोलह अर्धमासों (आठ मासों) के अन्तराल से उच्छ्वास व निःश्वास तथा आन व प्राण की क्रिया करते हैं। वे देव सोलह हजार वर्षों के उपरान्त आहार की इच्छा करते हैं।

कितनेक भव्य सिद्धिक जीव हैं जो सोलह भव (सोलह बार जन्म) ग्रहण करेंगे। उसके बाद वे जीव सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। वे जीव अन्ततोगत्वा समस्त दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

The celestial beings of the Mahashukra kalpa have been said of the life span of sixteen Palyopama duration. These celestial beings reincarnate into the special celestial vehicles of cosmos, the number of these special celestials vehicles are eleven as :- 1. Avrat Viman, 2. Vayavrat Viman, 3. Nandyavrat Viman, 4. Mahanandyavrat Viman, 5. AnkusViman, 6. Ankus Pralamb Viman, 7. Bhadra Viman, 8.Subhadra Viman, 9. Mahabhadra Viman, 10. Sarvatobhadra Viman, 11. Bhadroantaravatansak Viman. In these above mentioned celestial vehicles celestial beings have the maximum life duration of sixteen Sagropama. They do the activity of inhaling and exhaling or breathing in and breathing out after the interval of sixteen fortnight means after completion of eight months. They desire for food after the completion of sixteen thousand years.

Many of them capable of the salvation will take sixteen births in future and after that they will attain salvation. After having annihilated all their accumulated previous karmas they will attain liberation. Eventually these beings will destroy all their miseries and sufferings.

।। सोलहवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Sixteenth Samvaya)

सतरहवां समवाय

The Seventeenth Samvaya

११६–सत्तरसविहे असंजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकायअसंजमे आउकायअसंजमे तेउकायअसंजमे वाउकायअसंजमे वणस्सइकायअसंजमे बेइंदिअसंजमे तेइंदियअसंजमे चउरिंदियअसंजमे पंचिंदिअअसंजमे अजीवकायअसंजमे पेहाअसंजमे उवेहाअसंजमे अवहट्टुअसंजमे अप्पमज्जणाअसंजमे मणअंसजमे वइअसंजमे कायअसंजमे।

असंयम (अयतनापूर्वक प्रवृत्ति करना या इन्द्रिय-मन पर अनियन्त्रण) के विषय में चर्चा करते हुए कहा गया है कि असंयम के सत्रह प्रकार हैं। यथा — १. पृथ्वी काय-असंयम, २. अप्काय-असंयम, ३. तेजस्काय-असंयम, ४. वायुकाय-असंयम, ५. वनस्पतिकाय-असंयम, ६. द्वीन्द्रिय-असंयम, ७. त्रीन्द्रिय-असंयम, ८. चतुरिन्द्रिय-असंयम, ९. पंचेन्द्रिय-असंयम, १०. अजीवकाय-असंयम, ११. प्रेक्षा-असंयम, १२. उपेक्षा-असंयम, १३. अपहृत्य-असंयम, १४. अप्रमार्जना-असंयम, १५. मनः असंयम, १६. वचन-असंयम, १७. काय-असंयम।

Describing the non-restraint (Asanyam) (activities with carelessness or no control on senses and mind) it has been said that there are seventeen types of non-restraint (Asanyam) as :– 1. Earth-bodied non restraint, 2. Water-body non restraint, 3. Fire- body non restraint, 4. Air-body non restraint, 5. Vegetable body non restraint, 6. Two sense body non restraint, 7. Three sense body non restraint, 8. Four sense body non restraint, 9. Five sense body non restraint, 10. Non-living being body non restraint, 11. Preksha (visuable) non restraints, 12. Upeksha (indifference) non restraints, 13.Uphritya non restraints, 14. Apramarjana (not to clean) non restraints, 15.Mind non restraints, 16. Speech non restraints, 17. Body non restraints.

११७–सत्तरसविहे संजमे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकायसंजमे आउकायसंजमे तेउकायसंजमे वाउकायसंजमे वणस्सइकायसंजमे बेइंदियसंजमे तेइंदियसंजमे चउरिंदियसंजमे पंचिंदियसंजमे अजीवकायसंजमे पेहासंजमे उवेहासंजमे अवहट्टुसंजमे पमज्जणासंजमे मणसंजमे वइसंजमे कायसंजमे।

संयम (समिति या सावधानी पूर्वक यम-नियमों का पालन अथवा यतनापूर्वक प्रवृत्ति करना या प्रवृत्ति मात्र से निवृत्त होना), सत्रह प्रकार का कहा गया है। यथा — १. पृथ्वीकाय-संयम, २. अप्काय-संयम, ३. तेजस्काय-संयम, ४. वायुकाय-संयम, ५. वनस्पतिकाय-संयम, ६. द्वीन्द्रिय-संयम, ७. त्रीन्द्रिय-संयम, ८. चतुरिन्द्रिय-संयम, ९. पंचेन्द्रिय-संयम, १०. अजीवकाय-संयम, ११. प्रेक्षा-संयम (स्थान,

उपकरण, वस्त्र-पात्रादि का विधि पूर्वक पर्यवेक्षण करना), १२. उपेक्षा संयम (शत्रु-मित्र में, इष्ट-अनिष्ट वस्तुओं में राग-द्वेष न करना या उनमें माध्यस्थ भाव रखना), १३. अपहृत्य-संयम (जीवों को दूर कर निर्जीव भूमि में विधि पूर्वक मल-मूत्रादि का परठना), १४. प्रमार्जना-संयम (पात्रादि का विधिपूर्वक प्रमार्जन करना), १५. मनः-संयम, १६. वचन-संयम, १७. काय-संयम।

Samyam (restraint) (to abide by or to foster all the rules, tenets and other norms with great carefulness or alertness) has been said of seventeen types as :- 1. Prithvikaya Samyama (restraint about earth-bodied beings), 2. Apkay (water-bodied) Samyama, 3. Tejaskay (fire-bodied) Samyama, 4. Vayukay (air-bodied) Samyama, 5. Vanaspati (plant-bodied) Samyama, 6. Dviendriya (two-sensed beings) Samyama, 7. Triendriya (three-sensed beings) Samyama, 8. Chaurendriya (four-sensed beings) Samyama, 9. Panchendriya (five-sensed beings) Samyama, 10. Ajeevakay (non-living beings) Samyama, 11. Preksha Samyama (to examine with care the cloths, utencils, place and other usable implements), 12. Upeksha Samyama (not having any attachment or aversion towards friend and foe, favourable and unfavourable articles or to have a neutral disposition, 13. Aprihatya Samyama (to throw the excreta and urine on the lifeless land after removing living beings from that land, 14. Pramajana Samyama (cleaning the used utencils with great care and with due method, 15. Mind restraint, 16. Speech restraint,17. Body restraint.

११८-माणुसुत्तरे णं पव्वए सत्तरस एक्कीवीसे जोयणसए उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ते। सव्वेसिं पि णं वेलंधर-अणुवेलंधरणागराईणं आवासपव्वया सत्तरसएक्कवीसाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। लवणे णं समुद्दे सत्तरस जोयणसहस्साइं सव्वग्गेणं पण्णत्ते।

मानुषोत्तर पर्वत के विषय में कहा गया है कि यह सत्रह सौ इक्कीस (१७२१) योजन ऊँचा है। समस्त नागराजों-वेलन्धर और अनुवेलन्धर के आवास पर्वत की ऊँचाई सत्रह सौ इक्कीस (१७२१) योजन कही गयी है। सत्रह हजार (१७०००) योजन ऊँची लवण समुद्र की सर्वाग्र शिखा है।

The height of the mountain Manusotara has been said of seventeen hundred and twenty one yojana, the height of the residence Mountain of species of the entire kings of serpent, veludhar and anuveludhar gods has been said of seventeen hundred and twenty one yojans. The highest peak of the Lavan ocean tide or wave is seventeen thousand yojana high.

११९-इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ सातिरेगाइं सत्तरस जोयणसहस्साइं उड्ढं उप्पतित्ता ततो पच्छा चारणाणं तिरिआ गती पवत्तति।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसम रमणीय भूमि भाग से कुछ अधिक सत्रह हजार (१७०००) योजन

ऊपर उठकर तत्पश्चात् चारण ऋद्धि धारी मुनियों (साधकों) की नन्दीश्वर, रुचक आदि द्वीपों में जाने के लिए तिरछी गति होती है।

Ratanprabha has many charming spots. From this land a little above of seventeen thousand yojanas, after soaring high the ascetics having extra ordinary power of flying on toes, travel towards Nandishavar, Ruchak etc. islands taking moving in oblique direction.

१२०–चमरस्स णं असुरिंदस्स असुररण्णो तिगिंछिकूडे उप्पायपव्वए सत्तरस एक्कवीसाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ते। बलिस्स णं असुरिंदस्स रुअगिंदे उप्पायपव्वए सत्तरस एक्कवीसाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ते।

असुरेन्द्र असुरराज चमर का तिगिंछि कूट नामक उत्पात पर्वत है जिसकी ऊँचाई सत्रह सौ इक्कीस (१७२१) योजन कही गई है। सत्रह सौ इक्कीस (१७२१) योजन ऊँचा असुरेन्द्र बलि का रुचकेन्द्र नामक उत्पात पर्वत कहा गया है।

The height of the Tingichhikut Utpat Mountain of Chamerendra, King God of Asuras has been said of seventeen thousand and twenty one yojanas. Seventeen thousand and twenty one yojanas high is Ruchkendra Utpat Mountain belongs to Asurendra Bali has been described.

१२१– सत्तरसविहे मरणे पण्णत्ते। तं जहा–आवीईमरणे ओहिमरणे आयंतियमरणे बलायमरणे वसट्टमरणे अंतोसल्लमरणे तब्भवमरणे बालमरणे पंडितमरणे बालपंडितमरणे छउमत्थमरणे केवलिमरणे वेहाणसमरणे गिद्धपिट्ठमरणे भत्तपच्चक्खाणमरणे इंगिणिमरणे पाओवगमणमरणे।

सत्रह प्रकार के मरण निरूपित हैं। यथा — १. आवीचिमरण (विच्छेद या व्यवधान रहित मरण), २. अवधिमरण (मर्यादा सहित मरण), ३. आत्यन्तिक मरण (नारकादि के वर्तमान आयुकर्म को भोगकर मरना और मरकर भविष्य में उस आयु को भोगकर नहीं मरना, ऐसे जीव के वर्तमान भव का मरण), ४. वलन्मरण (अव्रतदशा में मरण), ५. वशार्तमरण (इन्द्रियविषयों से पीड़ित या उनके वशीभूत होकर मरना), ६. अन्तः शल्य् मरण (मन में किसी प्रकार के शल्य रखकर मरण), ७. तद्भव मरण (वर्तमान भव में जिस आयु को भोगा जा रहा है, उसी भव के योग्य आयु को बाँधकर मरना), ८. बालमरण (मिथ्या-दृष्टि और असंयमी जीवों का मरण), ९. पंडितमरण (संयमी सम्यग्दृष्टि जीव का मरण), १०. बालपंडित मरण (देशसंयमी पंचम गुणस्थानवर्ती श्रावक व्रती मनुष्य या तिर्यञ्च पंचेन्द्रियों का मरण), ११. छद्मस्थ मरण (छद्मस्थों अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न होने के पूर्व बारहवें गुणस्थान तक के जीवों का मरण), १२. केवलि मरण (केवलज्ञान के धारक अयोगिकेवली के सर्वदुःखों का अन्त करने वाला मरण), १३. वैहायस मरण (गले में फाँसी लगाकर या किसी वृक्षादि से अधर लटक कर मरना),

१४. गृद्ध्रस्पृष्ट या गृद्ध्रपृष्ठ मरण (गिद्ध-चील प्रभृति पक्षियों द्वारा मांस नोंच-नोंच कर खाए जाने पर या मृत हाथी-ऊँट आदि के शरीर में प्रवेश कर अपने शरीर को गिद्धों आदि का भक्ष्य बनाकर मरने वाले जीवों का मरण), १५. भक्त प्रत्याख्यान मरण (संलेखना या संन्यास धारण कर मरने वाले मनुष्य का मरण), १६. इंगिनी मरण (ऐसा भक्तप्रत्याख्यानी जो दूसरों के द्वारा की जाने वाली वैयावृत्त्य का त्यागकर सामर्थ्यानुसार स्वयं ही प्रतिनियत देश में उठता-बैठता और अपनी सेवा-टहल करता है, उसका मरण), १७. पादपोपगमन मरण (महासाधु भक्त-पान का यावज्जीवन परित्याग कर, स्व-पर की वैयावृत्त्य का भी त्यागकर, कायोत्सर्ग, पद्मासन या मृतकासन आदि किसी आसन से आत्म चिन्तन करते हुए तदवस्थ रहकर प्राण त्यागना)।

Seventeen types of Death (maran) have been expounded. They are:-1. Avichi Maran (normal death), 2. Avadhi Maran (death within established norms), 3. Atyantic Maran (death after completing the life span as the hellish being at present and in future not to ever die as life of a hellish being, the present end of life of the jeeva, 4. Valan Maran (death not in a vowed condition), 5. Vashart Maran (to die under the influence of sufferings caused by of the senses, 6. Antah Shalya Maran (to die having some kid of stone or thorn like feeling in mind), 7. Tadbhava Maran (whatever kind of life is being living at present birth, to die after binding the Karmas, to be reincarnated as the same type of living beings in the next birth), 8. Bal Maran (the death of the living being of wrong belief and non-restraint), 9. Pandit Maran (the death of a right perception living being), 10. Bal Pandit Maran (the death of a pleasures state of the fifth Gunsthan (spiritual purity place) of human being and the five sense animal being, 11. Chhadmast Maran (the death of the chhadmast (chhadmast means the death of jeeva is in any of the first twelve stages spiritual elevation i.e. one stage before the attainment of omniscient position (kewal gyan), 12. Kewali Maran (the death of the attainer of the stage of omniscient (kewal gyani) with four non obscuring karmas andthe destroyer of the miseries, 13. Vaihas Maran (to die after hanging himself with the branch of a tree or lying up with the loop of a rope, 14. Griddharsaprisht or Griddhaaprisht Death (death due to entering into or dead bodies of elephant, camel etc. and being eaten by the birds like vultures, eagles and other meat eaters, 15. Bhaktpratyakhyan Death (the death of a person who dies after observing the vows of Samlekhna (pure death or getting initiated in ascetic fold, 16. Ingni Death (the death of a person who abandoning the services offered by another colleague ascetic and performs all his daily activities according to his body strength through doing them living in the already designated place of worship by moving here and there), 17. Padopagaman Death (renouncing taking the food for good, renouncing all kinds of service offered by others and to keep by

himself always in Lotus posture, meditation or lying like a dead body when a great ascetic contemplating on self deed dies it is called a Padopagaman Death).

१२२–सुहुमसंपराए णं भगवं सुहुमसंपरायभावे वट्टमाणे सत्तरस कम्मपगडीओ णिबंधति, तं जहा–आभिणिबोहियणाणावरणे सुयणाणावरणे ओहिणाणावरणे मणपज्जवणाणावरणे केवलणाणावरणे चक्खुदंसणावरणे अचक्खुदंसणावरणे ओहिदंसणावरणे केवलदंसणावरणे सायावेयणिज्जं जसोकित्तिनामं उच्चागोयं दाणंतरायं लाभंतरायं भोगंतरायं उवभोगंतरायं वीरिअअंतरायं।

दशवें सूक्ष्मसंपराय गुणस्थान में प्रकृतियों के बंध के सन्दर्भ में चर्चा करते हुए कहा गया है कि सूक्ष्मसाम्पराय भाव में वर्तमान सूक्ष्मसाम्पराय भगवान केवल सत्रह कर्म-प्रकृतियों को बाँधते हैं। वे सत्रह कर्म-प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं - १. आभिनिबोधिकज्ञानावरण कर्म-प्रकृति, २. श्रुतज्ञानावरण कर्म-प्रकृति, ३. अवधिज्ञानावरण कर्म-प्रकृति, ४. मनःपर्ययज्ञानावरण कर्म-प्रकृति, ५. केवलज्ञानावरण कर्म-प्रकृति, ६. चक्षुदर्शनावरण कर्म-प्रकृति, ७. अचक्षुदर्शनावरण कर्म-प्रकृति, ८. अवधिदर्शनावरण कर्म-प्रकृति, ९. केवलदर्शनावरण कर्म-प्रकृति, १०. सातावेदनीय कर्म-प्रकृति, ११. यशस्कीर्तिनाम कर्म-प्रकृति, १२. उच्च गोत्र कर्म-प्रकृति, १३. दानान्तराय कर्म-प्रकृति, १४. लाभान्तराय कर्म-प्रकृति, १५. भोगान्तराय कर्म-प्रकृति, १६. उपभोगान्तराय कर्म-प्रकृति, १७. वीर्यान्तराय कर्म-प्रकृति।

In the Tenth stage of spiritual elevation tilled as subtle passion in context of accumulation of the tendencies of Karma it has been said in that state of subtle passion binds only seventeen karmas tendencies. Those Karmas tendencies are as follows :- 1. Deve cognition knowledge obscuring Karma Tendency, 2. Scriptural knowledge obscuring Karma Tendency, 3. Clairvoyance knowledge obscuring Karma Tendency, 4.Mental mode obscuring Karma Tendency, 5. Omniscience obscuring Karma Tendency, 6. Ocular precipitous obscuring Karma Tendency, 7. Non ocular precipitous obscuring Karma Tendency, 8. Clairvoyance perception obscuring Karma Tendency, 9. Omniscient perception obscuring Karma Tendency, 10. Misery and pleasure feeling Karmas Tendency, 11. Karam Tendency of earning name and fame Karmas, 12. Karma Tendency status determining, 13. Karma Tendency of charity impediments, 14. Karma Tendency of profit making impediments, 15. Karma Tendency of impediments of enjoyment, 16. Impediment Karma Tendency of repeated enjoyments, 17. Karma Tendency of potency impediment activity.

१२३–पंचमीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं जहण्णेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु

अत्थेगइयाणं देवाणं सत्तरस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। महासुक्के कप्पे देवाणं उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

पाँचवीं व छठी पृथ्वियों में नारकों की स्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि पाँचवीं पृथ्वी जो धूम प्रभा के नाम से अभिहित है उसमें कितने ही नारकों की उत्कृष्ट स्थिति सत्रह सागरोपम है। इसी प्रकार छठी पृथ्वी जो तम:प्रभा के नाम से अभिहित है, उसमें किन्हीं-किन्हीं नारकों की जघन्य स्थिति सत्रह सागरोपम है। सत्रह पल्योपम स्थिति के असुरकुमार देव कहे गए हैं। सौधर्म-ईशान कल्पों के कितने ही देव सत्रह पल्योपम स्थिति वाले हैं। महाशुक्र कल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति सत्रह सागरोपम कही गई है।

It has been described while illustrating the life duration of the hellish beings of the fifth and sixth hells that the fifth hell described as Dhumprabha hell the maximum life span of the hellish beings of this area is seventeen Sagropama duration and some of the hellish beings of tamah-pretha the sixth hell have the minimum lifespan equal to seventeen Sagropama duration. Some malevalent demons have been stated to have the life span of seventeen Palyopama duration. The celestial beings of the Sodharma and Ishan kalpa have the life duration of seventeen Palyopama. The maximum life duration of the celestial beings of the Mahashukra kalpa has been said of seventeen Sagropama.

१२४–सहस्सारे कप्पे देवाणं जहण्णेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा सामाणं सुसामाणं महासामाणं पउमं महापउमं कुमुदं महाकुमुदं नलिणं महानलिणं पोंडरीअं महापोंडरीअं सुक्कं महासुक्कं सीहं सीहकंतं सीहवीअं भाविअं विमाणं देवत्ताए उववण्णा, तेसि णं देवाणं उक्कोसेणं सत्तरस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा सत्तरसहिं अद्धमासेहिं आणमंति वा पाणमंति वा, उस्ससंति वा नीससंति वा। तेसि णं देवाणं सत्तरसहिं वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइया भवसिद्धिया जीवा जे सत्तरसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

सहस्रार कल्प के देव सत्रह सागरोपम जघन्य स्थिति वाले कहे गए हैं। वहाँ देव विशिष्ट विमानों में देवरूप से उत्पन्न होते हैं। उन विशिष्ट विमानो की संख्या सत्रह कही गई है। यथा — १. सामान विमान, २. सुसामान विमान, ३. महासामान विमान, ४. पद्म विमान, ५. महापद्म विमान, ६. कुमुद विमान, ७. महाकुमुद विमान, ८. नलिन विमान, ९. महानलिन विमान, १०. पौण्डरीक विमान, ११. महापौण्डरीक विमान, १२. शुक्र विमान, १३. महाशुक्र विमान, १४. सिंह विमान, १५. सिंहकान्त विमान, १६. सिंहबीज विमान, १७. भावित विमान। वे देव सत्रह सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले होते हैं। वे

देव सत्रह अर्धमासों (साढ़े आठ मासों) के अन्तराल से उच्छ्वास व निःश्वास तथा आन व प्राण की क्रियाएँ करते हैं। वे देव सत्रह हजार वर्षों के बाद आहार की इच्छा करते हैं।

कितने ही भव्य सिद्धिक जीव हैं जो सत्रह भव (सत्रह बार जन्म) ग्रहण करेंगे। उसके बाद वे जीव सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। ऐसे भव्यसिद्धिक जीव अन्ततोगत्वा समस्त दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

The celestial beings of the Sahsrar kalpa have been said of minimum seventeen Sagropama duration. They reincarnate as celestial beings into there specific celestial vehicles, the number of these specific celestial vehicles have been stated as seventeen. They are:- 1. Saman Viman, 2. Susaman Viman,3. Mahasaman Viman, 4. Padam Viman, 5. MahapadamViman, 6. Kumud Viman, 7. Mahakumud Viman, 8. Nalni Viman, 9. Mahanalni Viman, 10. Pondrik Viman, 11. Mahapondrik Viman, 12. Shukra Viman, 13. Mahashukra Viman, 14. Singh Viman, 15. Singhakant Viman, 16. Singhbeej Viman, 17. Bhavit Viman. These celestial being shave been told of the age duration of maximum seventeen Sagropama. They perform the activity of respiration or inhale and exhale after the interval of seventeen fortnight means after eight and a half months. They like to take food only once after the expiry of seventeen thousand years. There are many beings capable of salvation beings. They will take only seventeen births in future. After that they will attain salvation. They destroying all their accumulated previous karmas will get liberation. These living beings capable of salvation ultimately inhillate all their miseries and sufferings.

।। सतरहवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Seventeenth Samvaya)

अठारहवां समवाय

The Eighteenth Samvaya

१२५–अट्ठारसविहे बंभे पण्णत्ते, तं जहा–ओरालिए कामभोगे णेव सयं मणेणं सेवइ १, नोवि अण्णं मणेणं सेवावेइ २, मणेणं सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ ३, ओरालिए कामभोगे णेव सयं वायाए सेवइ ४, नोवि अण्णं वायाए सेवावेइ ५, वायाए सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ ६। ओरालिए कामभोगे णेव सयं काएणं सेवइ ७, णोवि य अण्णं काएणं सेवावेइ ८, काएणं सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ ९। दिव्वे कामभोगे णेव सयं मणेणं सेवइ १०, णोवि अण्णं मणेणं सेवावेइ ११, मणेणं सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ १२।

दिव्वे कामभोगे णेव सयं वायाए सेवइ १३, णोवि अण्णं वायाए सेवावेइ १४, वायाए सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ १५। दिव्वे कामभोगे णेव सयं काएणं सेवइ १६, णोवि अण्णं काएणं सेवावेइ १७, काएणं सेवंतं पि अण्णं न समणुजाणाइ १८।

अठारह प्रकार का ब्रह्मचर्य कहा गया है। यथा —१. औदारिक (शरीर वाले मनुष्य-तिर्यञ्चों के) काम-भोगों को न मन से स्वयं सेवन करना, २. न अन्य को मन से सेवन कराना, ३. न मन से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना, ४. औदारिक काम-भोगों को न वचन से स्वयं सेवन करना, ५. न वचन से अन्य को सेवन कराना, ६. न ही वचन से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना, ७. औदारिक-काम-भोगों को न काय से स्वयं सेवन करना, ८. न अन्य को काय से सेवन कराना, ९. न काय से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना, १०. दिव्य (देव-देवी सम्बन्धी) काम-भोगों को न मन से स्वयं सेवन करना, ११. न अन्य को मन से सेवन कराना, १२. न मन से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना, १३. दिव्य-काम-भोगों को न वचन से स्वयं सेवन करना, १४. न अन्य को वचन से सेवन कराना, १५. न वचन से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना, १६. दिव्य-काम-भोगों को न काय से स्वयं सेवन करना, १७. न अन्य को काय से सेवन कराना, १८. न काय से सेवन करते हुए अन्य की अनुमोदना करना।

Fifteen types of celibacy has been described as :– 1. Gross bodied human and animal beings who don't enjoy amorous or sexual enjoyment even in their own mind, 2. Nor get others to enjoy, 3. Neither approve others sexual enjoyment activities mentally mind, 4. Neither enjoy the gross body sexual enjoyment in their own speech, 5. Nor get the others to enjoy, 6. Nor approve others sexual activities through speech, 7. Not to do his own the gross body sexual activities of enjoyment through their physical body, 8. Nor to get others to do that, 9. Nor to approve other's sexual intercourse activities through physical body, 10. They do not think of Divine (related to gods and goddesses) amorous enjoyments with their own minds, 11. Nor they get done from others, 12. Nor approve others doing so, 13. Divine sexual enjoyment neither they enjoy through their own speech, 14. Nor get others to enjoy, 15. Nor approve others to enjoy the sexual intercourse through speech, 16. Neither enjoy the amorous enjoyments through physical body themselves, 17. Nor get others to enjoy, 18. Nor approve others to enjoy this sexual enjoyment through their physical body.

१२६–अरहतो णं अरिट्ठनेमिस्स अट्ठारस समणसाहस्सीओ उक्कोसिया समणसंपया होत्था। समणेणं भगवया महावीरेणं समणाणं णिग्गंथाणं सखुड्डयविअत्ताणं अट्ठारस ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

वयछक्कं[६] कायछक्कं[१२] अकप्पो[१३] गिहिभायणं[१४]।
पलियंक[१५] निसिज्जा[१६] य सिणाणं[१७] सोभवज्जणं[१८]।। १।।

अर्हन्त अरिष्टनेमि के अठारह हजार श्रमणों का उल्लेख है। यह उनकी उत्कृष्ट श्रमण सम्पदा है। श्रमण भगवान महावीर ने संयम रक्षार्थ सक्षुद्रक व्यक्त श्रमणों अर्थात् सभी श्रमण निर्ग्रन्थों के अठारह स्थान कहे हैं। यथा — १-६. छह व्रत षट्क (हिंसादि पाँच पापों का तथा रात्रि-भोजन का यावज्जीवन सर्वथा त्याग), ७-१२. काय षट् (पृथ्वी आदि छह काया के जीवों की रक्षा करना), १३. अकल्प (वस्त्र, पात्र, भक्त-पानादि का त्याग), १४. गृहि भाजन (गृहस्थ के पात्र का उपयोग न करना), १५. पर्यङ्क (पलंगादि पर नही सोना), १६. निषद्या (स्त्री-संसक्त अर्थात् स्त्री के साथ एक आसन पर नहीं बैठना), १७. स्नान (स्नान न करना), १८. शरीर-शोभा-शृंगारादि नहीं करना।

It is mentioned that the number of the ascetics of omniscient of Lord Arishtnemi was eighteen thousand. It was the maximum ascetic wealth of Lord Arishtnemi. Lord Mahaviraha has described eighteen steps (sthans) of all the unbound ascetics for the protection of their monk hood as :-1. Six vows sixer (to renounce the five types of mundane activities related to violence etc. sins throughout life permanently not to take meal after sunset). 2. Twelve bodies sixer (to protect six types of living beings like earth-bodied beings etc.). 3. Thirteen Akalp (to renounce food, liquid, cloths and utensils etc.). 4. Fourteen utensils of a laity (not to use the utensils of the householder). 5. Fifteen Prayank (not to sleep on cot etc.). 6. Sixteen Nishadhya (not to occupy the same seat on which the female is sitting means sitting with any female gender). 7. Seventeen Bath (not to bathe). 8. Eighteen (not to decorate the physical body in any form).

१२७–आयारस्स णं भगवतो सचूलियागस्स अट्ठारस पयसहस्साइं पयग्गेणं पण्णत्ता।

चूलिका-सहित भगवद्-आचारांग सूत्र के पद-प्रमाण से अठारह हजार पद कहे गए हैं।

Including the verses of Chulika (annexure) the number of aphorisms of the 1st canon of Jainism namely Acharang Sutra are eighteen thousand.

१२८–बंभीए णं लिवीए अट्ठारसविहे लेखविहाणे पण्णत्ते, तं जहा–बंभी १, जवणालिया २, दोसऊरिया ३, खरोट्ठिया ४, खरसाविआ ५, पहाराइया ६, उच्चत्तरिआ ७, अक्खरपुट्ठिया ८, भोगवइता ९, वेणतिया १०, णिण्हइया ११, अंकलिवी १२, गणिअलिवी १३, गंधव्वलिवी [भूयलिवी] १४, आदंसलिवी १५, माहेसरीलिवी १६, दामिलिवी १७, वोलिंदलिवी १८।

ब्राह्मीलिपि के अठारह प्रकार के लेख-विधानों का उल्लेख है। यथा — १. ब्राह्मी लिपि, २. यावनी लिपि, ३. दोषउपरिका लिपि, ४. खरोष्ट्रिका लिपि, ५. खर-शाविका लिपि, ६. प्रहारातिका लिपि, ७. उच्चत्तरिका लिपि, ८. अक्षरपृष्ठिका लिपि, ९. भोगवतिका लिपि, १०. वैणकियालिपि, ११. निह्नविका लिपि, १२. अंक लिपि, १३. गणित लिपि, १४. गन्धर्व लिपि (भूतलिपि), १५. आदर्श लिपि, १६. माहेश्वरी लिपि, १७. दामि लिपि, १८. पोलिन्दी लिपि।

It has been mentioned that there are eighteen types of scripts of Brahmi alphabet as :- 1. Brahmi Script or Alphabet, 2. Yavani Alphabet, 3. Doshuprika Alphabet, 4. Kharoshtrika Alphabet, 5. Khar-Shivika Alphabet, 6. Praharatika Alphabet, 7. Uchchattarika Alphabet, 8. Akshar-Varishthika Alphabet, 9. Bhogvatika Alphabet, 10. Vainkiya Alphabet, 11. Nihanavika Alphabet, 12. Ank Alphabet, 13. Mathematics Alphabet, 14.Gandharv Alphabet, 15. Adarsh (ideal) Alphabet, 16.Maheshvari Alphabet, 17. Daami Alphabet, 18. Polindi Alphabet.

१२९–अत्थिनत्थिप्पवायस्स णं पुव्वस्स अट्ठारस वत्थू पण्णत्ता।

अस्तिनास्ति प्रवाद पूर्व के अठारह वस्तु नामक अर्थाधिकार कहे गए हैं।

Eighteen Vastu Namak Arthadhikar (chapters) have been described of (asti-nasti) Poorva. (It explains simultaneous existence and non-existence).

१३०–धूमप्पभा णं पुढवी अट्ठारसुत्तरं जोयणसयसहस्सं बाहल्लेणं पण्णत्ता।

पोसासाढेसु णं मासेसु सइ उक्कोसेणं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, सइ उक्कोसेणं अट्ठारसमुहुत्ता राती भवइ।

धूमप्रभा पाँचवीं पृथ्वी है जिसकी मौटाई एक लाख अठारह हजार (१,१८०००) योजन कही गई है। पौष और आषाढ़ मास के सन्दर्भ में कहा गया है कि इन दो मासों में एक बार उत्कृष्ट रात और दिन क्रमशः अठारह-अठारह मुहूर्त्त के होते हैं अर्थात् पौष मास में सबसे बड़ी रात अठारह मुहूर्त्त की होती है तथा आषाढ़ मास में सबसे बड़ा दिन अठारह मुहूर्त्त का होता है।

The thickness of the fifth hell named the Dhumprabha hell has been told as one lac eighteen thousand yojanas. In respect of the Indian months named Paush and Ashadha, it has been said that the length of the night and day is maximum eighteen-eighteen (muhurats). It means that the maximum duration of the longest night in the month of Paush is eighteen muhurat and the length of the longest day in Asadh month is eighteen muhurat.

१३१–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं अट्ठारस पलिओवमाई ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं अट्ठारस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं अट्ठारस पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सहस्सारे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में अठारह पल्योपम उत्कृष्ट स्थिति वाले नारकों का निरूपण हुआ है। कितने ही असुरकुमार देवों की स्थिति अठारह पल्योपम है। सौधर्म-ईशान और सहस्रार कल्पों में देव क्रमशः अठारह पल्योपम स्थिति के व अठारह सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति के कहे गए हैं।

The maximum life duration of the hellish beings in the land of Ratanprabha hell has been expounded eighteen Palyopama. Asurkumar (malevolent demons) have the life duration of eighteen Palyopama. The celestial beings of the Sodharma-Ishan and Sahasarar kalp have the maximum life span of eighteen Palyopama and eighteen Sagropama duration respectively.

१३२–आणए कप्पे देवाणं अत्थेगइयाणं जहण्णेणं अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा कालं सुकालं महाकालं अंजणं रिट्ठं सालं समाणं दुमं महादुमं विसालं सुसालं पउमं पउमगुम्मं कुमुदं कुमुदगुम्मं नलिणं नलिणगुम्मं पुंडरीअं पुंडरीयगुम्मं सहस्सारवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसि णं देवाणं अट्ठारस सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवाणं अट्ठारसहिं अद्धमासेहिं आणमंति वा, पाणमंति वा, ऊससंति वा, नीससंति वा। तेसि णं देवाणं अट्ठारस वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइआ भवसिद्धिया जीवा जे अट्ठारसहिं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

आनत कल्प में अठारह सागरोपम जघन्य स्थिति वाले देव कहे गए हैं। वहाँ देव विशिष्ट विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। उन विशिष्ट विमानों की संख्या बीस कही गई है। यथा — १. काल विमान, २. सुकाल विमान, ३. महाकाल विमान, ४. अंजन विमान, ५. रिष्ट विमान, ६. साल विमान, ७. समान विमान, ८. द्रुम विमान, ९. महाद्रुम विमान, १०. विशाल विमान, ११. सुशाल विमान, १२. पद्म विमान, १३. पद्मगुल्म विमान, १४. कुमुदविमान, १५. कुमुदगुल्म विमान, १६. नलिन विमान, १७. नलिन गुल्म विमान; १८. पुण्डरीक विमान, १९. पुण्डरीक गुल्म विमान, २०. सहस्रारावतंसक विमान। वे देव अठारह सागरोपम स्थिति वाले होते हैं। वे देव अठारह अर्धमासों (नौ मासों) के अन्तराल से उच्छ्वास-नि:श्वास अथवा आन-प्राण की क्रियाएँ करते हैं। वे देव अठारह हजार वर्ष के उपरान्त आहार ग्रहण करने की इच्छा करते हैं।

कितने ही भव्यसिद्धिक जीवों के सन्दर्भ में कहा गया है कि वे अठारह भव (अठारह बार जन्म) ग्रहण करेंगे। इसके पश्चात् वे सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे भव्य सिद्धिक जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परम निर्वाण को प्राप्त होंगे। वे जीव अन्ततोगत्वा सर्वदु:खों का शमन (अन्त) करेंगे।

In Aanat kalpa the minimum life duration of the celestial beings has been said eighteen Sagropama. There the gods reincarnate into the specific celestial vehicles (vimans). The number of these specific vimans has been described twenty as :- 1. Kaal Vimans, 2. Sukaal Vimans, 3. Mahakaal Vimans, 4. Anjan Vimans, 5. Rishat Vimans, 6. Saal Vimans, 7. Samaan Vimans, 8. Drum Vimans, 9. Mahadrum Vimans, 10. Vishal Vimans, 11. Sushaal Vimans, 12. Padam Vimans, 13. Padam Gulm Vimans, 14. Kumud Vimans,

15. Kumudgulm Vimans, 16. Nalin Vimans, 17. Nalingulm Vimans, 18. Pundrik Vimans, 19. Pundrikgulm Vimans, 20. Sahasaravatansak Vimans. These celestial beings have the life duration of eighteen Sagropama. They respirate or inhale and exhale once after the interval of eighteen half months means after nine months. These celestial beings desire to eat food once after eighteen thousand years. It has been said in respect of the Bhavsidhik (capable of salvation) beings that they would take eighteen births in future. After that they would attain salvation. They will attain liberation after annihilating all their accumulated Karmas of previous births. Ultimately they would destroy their all the miseries and sufferings.

।। अठारहवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Eighteenth Samvaya)

उन्नीसवां समवाय

The Nineteenth Samvaya

१३३–एगूणवीसं णायज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

[१]उक्खित्तणाए, [२]संघाडे, [३]अंडे, [४]कुम्मे अ, [५]सेलए।
[६]तुंबे अ, [७]रोहिणी, [८]मल्ली, [९]मांगदी, [१०]चंदिमाति अ।।१।।
[११]दावद्दवे, [१२]उदगणाए, [१३]मंडुक्के, [१४]तेतली इ अ।
[१५]नंदिफले, [१६]अवरकंका, [१७]आइण्णे, [१८]सुंसुमा इ अ।।२।।
अवरे अ, [१९]पोण्डरीए णाए एगूणवीसइमे।

ज्ञाताधर्मकथांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध के उन्नीस अध्ययन निरूपित हैं। यथा — १. उत्क्षिप्तज्ञात अध्ययन, २. संघाट अध्ययन, ३. अंड अध्ययन, ४. कूर्म अध्ययन, ५. शैलक अध्ययन, ६. तुम्ब अध्ययन, ७. रोहिणी अध्ययन, ८. मल्ली अध्ययन, ९. माकन्दी अध्ययन, १०. चन्द्रिमा अध्ययन, ११. दावद्रव अध्ययन, १२. उदक ज्ञात अध्ययन, १३. मंडूक अध्ययन, १४. तेतली अध्ययन, १५. नन्दिफल अध्ययन, १६. अपरकंका अध्ययन, १७. आकीर्ण अध्ययन, १८. सुंसुमा अध्ययन, १९. पुण्डरीकज्ञात अध्ययन।

Nineteen chapters of the 1st Shrut Skandh (1st volume) of the Jnatya Dharam Kathang Sutra have been expounded as:- 1. Utkshipt Jnat chapter, 2. Sanghat chapter, 3. Egg chapter, 4. Koorm (Frog) chapter, 5. Shailak chapter, 6. Tumb (Gourd) chapter, 7. Rohini chapter, 8. Malli chapter, 9. Makandi chapter, 10. Chandrima chapter, 11. Davdravya chapter, 12. Udakjnat Adhyana,

जम्बूद्वीप में सूर्य उत्कृष्ट रूप से एक हजार नौ सौ योजन ऊपर और नीचे प्रकाश करते हैं।
सूर्य की ऊँचाई रत्नप्रभा पृथ्वी के तल से 800 योजन है। वहां से ऊपर 100 योजन तक और नीचे लवण समुद्र की गहराई में 1000 योजन तक प्रकाश करते हैं।
100 योजन
100 योजन
800 योजन
800 योजन
मेरु पर्वत
जम्बूद्वीप
लवण समुद्र
लवण समुद्र
1000 योजन
1000 योजन

सूर्य का प्रकाश

ज्योतिष चक्र की सर्व ऊँचाई पृथ्वीतल से 900 योजन तक है। सूर्य विमान 800 योजन पर अवस्थित है। सूर्य का प्रकाश ऊपर की ओर ज्योतिष चक्र की सीमा तक जाता है। अर्थात् पृथ्वी तल से 900 योजन ऊपर तक। पृथ्वीतल से लवण समुद्र 1,000 योजन गहरा है। लवण समुद्र के तल तक सूर्य का प्रकाश जाता है। इस प्रकार सूर्य का प्रकाश पृथ्वीतल से ऊपर 900 योजन तथा नीचे 1,000 योजन, कुल 1,900 योजन क्षेत्र को प्रकाशित करता है।

–समवाय 19, सूत्र सं. 134

Sun Light

The height of stellar cycle from the surface of the earth is upto 900 yojans. The vehicle of Sun is situated at the height of 800 yojans. The light of the Sun reflects high upto the limit of stellar cycle, it means that upto the height of 900 yojan from the surface of earth. The depth of the Lavana Ocean is 1000 yojan from the surface of earth. The light of the sun goes upto deep upto the bottom of the ocean "Lavana". Thus, the light of the sun illuminates a total area of 1900 yojan from the surface of the earth, 900 yojans high and 1000 yojans under the water.

Samvayanga Sutra 19, Sutra 34

13. Mandook chapter, 14. Tetali chapter, 15. Nandiphal Adhyan, 16. Upperkanka chapter, 17. Aakiran chapter, 18. Sumsurna chapter, 19. Pundrikjnat chapter.

१३४–जंबूदीवे णं दीवे सूरिआ उक्कोसेणं एगूणवीसं जोयणसयाइं उड्ढमहो तवयंति।

जम्बूद्वीप नामक द्वीप में सूर्य उन्नीस सौ (१९००) योजन के क्षेत्र को संतप्त करता है, अर्थात् तपता है।

The sun brightens and warms the area measuring nineteen hundred yojana in the Jambu continent.

१३५–सुक्के णं महग्गहे अवरेणं उदिए समाणे एगूणवीसं णक्खत्ताइं समं चारं चरित्ता अवरेणं अत्थमणं उवागच्छइ।

शुक्र महाग्रह पश्चिम दिशा से उदित होता है और उन्नीस नक्षत्रों के साथ गमन करता हुआ अन्ततोगत्वा पश्चिम दिशा में ही अस्त होता है।

The great planet Shukra rises in the direction of the West and travelling in association with nineteen constellation (nakshtra) sets in west.

१३६–जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स कलाओ एगूणवीसं छेअणाओ पण्णत्ताओ।

जम्बूद्वीप नामक इस द्वीप में उन्नीस छेदनक (भागरूप) कलाओं का उल्लेख किया गया है।

There in Jambu continent the description of nineteen piercing stellar arts have been described.

१३७–एगूणवीसं तित्थयरा अगारवासमज्झे वसित्ता मुंडे भवित्ता णं अगाराओ अणगारिअं पव्वइआ।

वासुपूज्य, मल्ली, अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ और महावीर, इन पाँच तीर्थंकरों को छोड़कर शेष उन्नीस तीर्थंकर अगार-वास (गृहवास) में रहे फिर मुण्डित होकर गृहवास त्यागकर अगार से अनगार प्रव्रज्या ग्रहण की यानि दीक्षित हुए।

Except Lord Vasupujya, Mallinath, Arishtnemi, Parshvanath and Mahavir the remaining nineteen Ford makers (Tiranthankara) remained as the house holders. Later they renouncing the life of house holder, tonsuring the head, adopted the life of an ascetic or got initiated.

१३८–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइआणं नेरइयाणं एगूणवीसपलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एगूणवीसपलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एगूणवीसपलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। आणयकप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं उक्कोसेणं एगूणवीससागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में कितने ही नारक तथा असुरकुमार देव उन्नीस-उन्नीस पल्योपम स्थिति वाले कहे गए हैं। सौधर्म ईशान कल्प के देव भी उन्नीस पल्योपम स्थिति के कहे गए हैं। आनतकल्प में देवों की उत्कृष्ट स्थिति उन्नीस सागरोपम कही गई है।

The life span of the hellish beings and fiendish gods has been described of nineteen Palyopama in the Ratanprabh hell (land). The life duration of the celestial beings of the celestial vehicles named Sodharma-Ishan kalpas has been told of nineteen Palyopama. The maximum life stay of the celestial beings of Aanatkalp has been said of nineteen Sagropama.

१३९–पाणए कप्पे अत्थेगइयाणं देवाणं जहण्णेणं एगूणवीससागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा आणतं पाणतं णतं विणतं घणं सुसिरं इंदं इंदोकंतं इंदुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसि णं देवाणं उक्कोसेणं एगूणवीससागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा एगूणवीसाए अद्धमासाणं आणमंति वा, पाणमंति वा, उस्ससंति वा नीससंति वा तेसि णं देवाणं एगूणवीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइआ भवसिद्धिया जीवा जे एगूणवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

प्राणत कल्प में उन्नीस सागरोपम जघन्य स्थिति वाले देवों का उल्लेख हुआ है। वहाँ के देव विशिष्ट विमानों में देवरूप से उत्पन्न होते हैं। उन विशिष्ट विमानों की संख्या नौ निरूपित है। यथा — १. आनत विमान, २. प्राणत विमान, ३. नत विमान, ४. विनत विमान, ५. घन विमान, ६. सुषिर विमान, ७. इन्द्र विमान, ८. इन्द्रकान्त विमान, ९. इन्द्रोत्तरावतंसक विमान। वे देव उन्नीस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले कहे गए हैं। वे देव उन्नीस अर्धमासों (साढ़े नौ मासों) के उपरान्त उच्छ्वास-निःश्वास अथवा आन-प्राण की क्रियाएँ करते हैं। वे देव उन्नीस हजार वर्षों के उपरान्त आहार की इच्छा करते हैं।

कितने ही भव्यसिद्धिक जीव उन्नीस भव (जन्म) ग्रहण करेंगे। इसके उपरान्त वे सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे भव्य सिद्धिक जीव कर्मों से विमुक्त होकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। अन्ततोगत्वा सर्व दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

It has been narrated that the celestial beings of the Pranat celestial beings have minimum life-span of nineteen Sagropama. The celestial beings of these vehicles take birth into the exclusive celestial vehicles, the number of these special celestial vehicles are nine, as follows :- 1. Anat Viman (celestial vehicle), 2. Pranat Viman, 3. Nat Viman, 4. Vinat Viman, 5. Ghan Viman, 6. Sushir Viman, 7. Inder Viman, 8.Inderkant Viman, 9. Inderotaravatansak Viman. They are said to have the maximum life of nineteen Sagropama. These celestial beings do the activity of respiration or inhale and exhale once after the completion of nineteen

half months means nine & a half months. They desire for food once after the interval of nineteen thousand years. There the beings who are capable of salvation (Bhavsidhik jeeva). They would take only nineteen births in future. After it they will attain salvation. These beings destroying all their accumulated karmas of previous lives would achieve their goal of Param Nirvan (absolute truth). Eventually, they will annihilate all their mistakes and sufferings in the end.

।। उन्नीसवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Nineteenth Samvaya)

बीसवां समवाय

The Twentieth Samvaya

१४०–वीसं असमाहिठाणा पणत्ता, तं जहा–दवदवचारि यावि भवइ १, अप्पमज्जियचारि यावि भवइ २, दुप्पमज्जियचारि यावि भवइ ३, अतिरित्तसेज्जाणिए ४, रातिणियपरिभासी ५, थेरोवघाइए ६, भूओवघाइए ७, संजलणे ८, कोहणे ९, पिट्ठिमंसिए १०, अभिक्खणं अभिक्खणं ओहारइत्ता भवइ ११, णवाणं अधिकरणाणं अणुप्पण्णाणं उप्पाएत्ता भवइ १२, पोराणाणं अधिकरणाणं खामिअ विउसविआणं पुणोदीरेत्ता भवइ १३, ससरक्खपाणिपाए १४, अकालसज्झायकारए यावि भवइ १५, कलहकरे १६, सद्दकरे १७, झंझकरे १८, सूरप्पमाणभोई १९, एसणाऽसमिते आवि भवइ २०।

बीस असमाधिस्थान (जिन कार्यों को करने से स्वयं के या दूसरों के चित्त में संक्लेश उत्पन्न हो) निरूपित हैं। यथा — १. दव-दव या धपधप करते हुए जल्दी-जल्दी तीव्र गति से चलना या गतिमान होना, २. अप्रमार्जितचारी होना, ३. दुष्प्रमार्जितचारी होना, ४. अतिरिक्त शय्या आसन रखना, ५. रात्निक साधुओं का पराभव करना, ६. स्थविर साधुओं को दोष लगाकर उनका उपघात या अपमान करना, ७. भूतों (एकेन्द्रिय जीवों) का व्यर्थ उपघात करना, ८. सदा रोषयुक्त प्रवृत्ति करना, ९. अति क्रोध करना, १०. पीठ पीछे दूसरे का अवर्णवाद करना, ११. निरन्तर सदा ही दूसरों के गुणों का विलोप करना, जो व्यक्ति दास या चोर नहीं है, उसे दास या चोर आदि कहना, १२. नित्य नए अधिकरणों जैसे कलह अथवा यन्त्रादिकों को उत्पन्न करना, १३. क्षमा किए हुए या उपशान्त हुए अधिकरणों यानि लड़ाई-झगड़ों को पुनः पुनः जागृत करना, १४. सरजस्क यानि सचेतन धूलि आदि से सम्पृक्त अर्थात् सरजस्क हाथ वाले व्यक्ति से भिक्षा ग्रहण करना और सरजस्क स्थंडिल आदि पर चलना, सरजस्क आसनादि पर बैठना, १५. काल का विचार न करते हुए अकाल में स्वाध्याय करना और काल में स्वाध्याय न करना, १६. कलह करना, १७. रात्रि में उच्च स्वर से स्वाध्याय और वार्तालाप

करना, १८. गण या संघ में फूट डालने वाले वचन बोलना, १९. सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त होने तक खाते-पीते रहना अर्थात् दिनभर कुछ न कुछ मुँह में डालते रहना, २०. एषणा समिति का पालन नहीं करना और अनेषणीय भक्त-पान को ग्रहण करना।

Twenty Asmadhisthan (the activities by which the own mind as well of others get tortured) has been described as :- 1.To walk (hurriedly) too quickly in a great haste by making the voice of stumping, 2. To be Apramaarjitchari (to act in absurd way), 3. To become Dushprabhajitchari (act mischievously), 4. To keep extra bed sheets, 5. To be disgraced of the nocturnal ascetics, 6. To humiliate the senior ascetics by blaming them, 7. To disgrace the one sense living being without proper reasons, 8. Activities always with anger, 9. To be over angry, 10. To criticize others at the back, 11. To always and continuously discard others virtues as calling a person a thief or slave when he is not so, 12. To bring about new means of chaos and confusion daily, 13. To incite again and again the struggle that has already have been forgiven, 14. To keep hands rubbed with living earth occupied mud and to accept alms a person with wet mud hands or to sit on a wet seat or from walk for natural call on the mud which is occupied by live dust, 15. To study, not taking into consideration the appropriate time for study of scriptures and not to study scriptures at scheduled time alloted for study, 16. To create fuss, 17. To study or talk in a high pitch voice at night, 18. To utter such words that bring disharmony in the organisation of asectics, 19. To keep busy in eating since sunrise to sunset or to keep on pouring something to eat into the month for all the day throughout, 20. Not to abide by the rules of alm seeking with care (Aishna samiti) and to accept the alms that is not acceptable.

१४१–मुणिसुव्वए णं अरहा वीसं धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं होत्था। सव्वेवि अ घणोदही वीसं जोयणसहस्साइं बाहल्लेणं पण्णत्ता। पाणयस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वीसं सामाणिअसाहस्सीओ पण्णत्ताओ। णपुंसयवेयणिज्जस्स णं कम्मस्स वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ बंधओ बंधठिई पण्णत्ता। पच्चक्खाणस्स णं पुव्वस्स वीसं वत्थू पण्णत्ता। उस्सप्पिणिओसप्पिणिमंडले वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ कालो पण्णत्तो।

वर्तमान काल के चौबीस तीर्थंकरों में बीसवें तीर्थंकर अर्हत् मुनिसुव्रत की ऊँचाई बीस धनुष कही गई है। सभी घनोदधिवातवलय बीस हजार योजन मोटे कहे गए हैं। प्राणत देवराज देवेन्द्र के बीस हजार सामानिक देव कहे गए हैं। नवीन कर्म बन्ध भी अपेक्षा से नपुंसक वेदनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति बीस कोड़ा कोड़ी सागरोपम कही गई है। प्रत्याख्यान पूर्व के बीस वस्तु नामक अर्थाधिकार का निरूपण हुआ है। बीस कोटाकोटि (कोड़ा-कोड़ी) सागरोपम का कालचक्र (उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी मण्डल यानि आरा-चक्र) कहा गया है। कहने का तात्पर्य है कि दस कोड़ा कोड़ी सागरोपम का

उत्सर्पिणी काल और दस कोड़ा कोड़ी सागरोपम का अवसर्पिणी काल मिलकर बीस कोटाकोटि सागरोपम का एक कालचक्र कहलाता है।

The height of twentieth ford maker (Tirthankara) the omniscient Lord Shri Munisuvrat one of this present series of twenty four Tirthankaras was equal to twenty bows. The thickness of circle of all the Ghanodadhi Vaat (thick air around desirous) has been said of twenty yojanas. The number of the co-chief of the chief god of the Pranat celestial vehicle has been narrated twenty thousand. With regard to bound new karmas, the life span of the hermophroditic (Napunsak) feeling karmas has been said to be maximum of 200 millions crore Sagropama. (The chapter of named 'Twenty Vastu of Pratyakhyan Poorva' has been narrated full time cycle of Utsarpini and Avsarpini kaal (decreasing time and increasing time cycle duration) the time period of one time cycle i.e. Utsarpini avasarpani kaal is equal to 100 million crore Sagropama and 100 million crore Sagropama of Avasarpini kaal totalling 200 million crore Sagropama period.

१४२–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं वीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं णेरइयाणं वीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं वीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं वीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। पाणते कप्पे देवाणं उक्कोसेणं वीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बीस पल्योपम स्थिति वाले कितने ही नारकों का वर्णन हुआ है। छठी पृथ्वी तमः प्रभा है इसमें कितने ही नारकों की स्थिति बीस सागरोपम उल्लिखित है। कितने ही असुर कुमार देव बीस पल्योपम स्थिति वाले कहे गए हैं। सौधर्म ईशान कल्पों में कितने ही देवों की स्थिति बीस पल्योपम निरूपित है। प्राणतकल्प में देव बीस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले कहे गए हैं।

In this Ratanprabha hell the description of the infernal beings has been made of whose life duration is twenty Palyopama. In the sixth hell named Tamhprabha. The life duration of hellish beings has been described of twenty Sagropama. The malevolent demons have been stated to the life-span of twenty Palyopama. The life span of the celestial beings of the Sodharma-Ishan kalpa has been expounded of twenty Palyopama duration. The celestial beings of Pranat kalpa have been said of maximum twenty Sagropama duration.

१४३–आरणे कप्पे देवाणं जहण्णेणं वीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा सायं विसायं सुविसायं सिद्धत्थं उप्पलं भित्तिलं, तिगिच्छं दिसासोवत्थियं पलंबं रुइलं पुप्फं सुपुप्फं पुप्फावत्तं पुप्फपभं पुप्फकंतं पुप्फवण्णं पुप्फलेसं पुप्फज्झयं पुप्फसिंगं पुप्फसिद्धं पुप्फुत्तरवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा तेसि णं देवाणं उक्कोसेणं वीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं

देवा वीसाए अद्धमासाणं आणमंति वा, पाणमंति वा, उस्ससंति वा, नीससंति वा, तेसिं ण देवाणं वीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइआ भवसिद्धिआ जीवा जे वीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

आरणकल्प में देव बीस सागरोपम जघन्य स्थिति वाले कहे गए हैं। वहाँ देव विशिष्ट विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। विशिष्ट विमानों की संख्या इक्कीस है। यथा —१. सात विमान, २. विसात विमान, ३. सुविसात विमान, ४. सिद्धार्थ विमान, ५. उत्पल विमान, ६. भित्तिल विमान, ७. तिगिंछ विमान, ८. दिशासौवस्तिक विमान, ९. प्रलम्ब विमान, १०. रुचिर विमान, ११. पुष्प विमान, १२. सुपुष्प विमान, १३. पुष्पावर्त विमान, १४. पुष्पप्रभ विमान, १५. पुष्पकान्त विमान, १६. पुष्पवर्ण विमान, १७. पुष्पलेश्य विमान, १८. पुष्पध्वज विमान, १९. पुष्पशृंग विमान, २०. पुष्पसिद्ध (पुष्पसृष्ट) विमान, २१. पुष्पोत्तरावतंसक विमान। वे देव बीस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले कहे गए हैं। वे देव बीस अर्धमासों (दश मासों) के उपरान्त उच्छ्‌वास-निःश्वास या आन-प्राण की क्रिया करते हैं। वे देव बीस हजार वर्षों के अन्तराल से आहार की इच्छा करते हैं।

कितने ही भव्यसिद्धिक जीव बीस भव (जन्म) ग्रहण करेंगे। इसके उपरान्त वे सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे भव्यसिद्धिक जीव कर्मों से मुक्ति पाकर परम निर्वाण को प्राप्त होंगे। वे अन्ततोगत्वा सर्व दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

In the celestial vehicle named Aranya the life duration of the native gods of this vehicle has been said as minimum of twenty Sagropama. These gods take birth as a celestial being into this special celestial vehicles. These special vehicles are twenty in number/count as:- 1. Sat Viman, 2. Visat Viman, 3. Suvisat Viman, 4. Sidharth Viman, 5. Utpat Viman, 6. Bhital Viman, 7. Tiganchu Viman, 8. Dishasovastik Viman, 9. Pralamb Viman, 10. Ruchir Viman, 11. Pushp Viman, 12. Supushp Viman, 13. Pushpovart Viman, 14. Pushpprabh Viman, 15. Pushpkant Viman, 16. Pushppvarn Viman, 17. Pushpleshya Viman, 18. Pushpdhvja Viman, 19. Pushpsidh (Pushprisht) Viman, 20. Pushpotaravantsk Viman. The life-span duration of these gods have been said maximum of twenty Sagropama. They respirate or inhale and exhale once after the interval of twenty half months means after ten months duration. They desire for food after the interval of twenty thousand years.

There the beings capable of salvation (Bhavyasidhik) wouldtake only twenty births in future. After that they would attain liberation. These beings after annihilating all their karmas would get salvation. At the end they would destroy all their miseries and sufferings for good.

।। बीसवां समवाय समाप्त ।। (The End of Twentieth Samvaya)

इक्कीसवां समवाय

The Twenty First Samvaya

१४४–एक्कवीसं सबला पण्णत्ता, तं जहा–हत्थकम्मं करेमाणे सबले १, मेहुणं पडिसेवमाणे सबले २, राइभोअणं भुंजमाणे सबले ३, आहाकम्मं भुंजमाणे सबले ४, सागारियं पिंडं भुंजमाणे सबले ५, उद्देसियं कीयं आहट्टु दिज्जमाणं भुंजमाणे सबले ६, अभिक्खणं पडियाइक्खेत्ता णं भुंजमाणे सबले ७, अंतो छण्हं मासाणं गणाओ गणं संकममाणे सबले ८, अंतो मासस्स तओ दगलेवे करेमाणे सबले ९, अंतो मासस्स तओ माईठाणे सेवमाणे सबले १०, रायपिंडं भुंजमाणे सबले ११, आउट्टिआए पाणाइवायं करेमाणे सबले १२, आउट्टिआए मुसावायं वदमाणे सबले १३, आउट्टियाए आदिण्णादाणं गिण्हमाणे सबले १४, आउट्टियाए अणंतरहिआए पुढवीए ठाणं वा निसीहियं वा चेतेमाणे सबले १५, एवं आउट्टिआ चित्तमंताए पुढवीए, एवं आउट्टिआ चित्तमंताए सिलाए कोलावासंसि वा दारुए अण्णयरे वा तहप्पगारे ठाणं वा सिज्जं वा निसीहियं वा चेतेमाणे सबले १६, जीवपइट्ठिए सपाणे सबीए सहरिए सउत्तिंगे पणग-दग-मट्टी-मक्कडासंताणए तहप्पगारे ठाणं वा सिज्जं वा निसीहियं वा चेतेमाणे सबले १७, आउट्टिआए मूलभोयणं वा कंदभोयणं वा तयाभोयणं वा, पवालभोयणं वा पुप्फभोयणं वा फलभोयणं वा हरियभोयणं वा भुंजमाणे सबले १८, अंतो संवच्छरस्स दस दगलेवे करेमाणे सबले १९, अंतो संवच्छरस्स दस माइठाणाइं सेवमाणे सबले २०, अभिक्खणं अभिक्खणं सीतोदयवियडवग्घारियपाणिणा असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा पडिगाहित्ता भुंजमाणे सबले २१।

इक्कीस प्रकार के शबल दोष - चारित्र को कर्बुरित, मलिन या धब्बों से दूषित करने वाले दोष निरूपित हैं। यथा —१. हस्त-मैथुन करने वाला शबल, २. स्त्री आदि के साथ मैथुन सेवन करने वाला शबल, ३. रात में भोजन करने वाला शबल, ४. आधा-कर्मिक भोजन को सेवन करने वाला शबल, ५. शय्यातर (स्थान-दाता) यानि सागारिक का भोजन-पिंड ग्रहण करने वाला शबल, ६. औद्देशिक, बाजार से क्रीत (खरीदे गए) और अन्यत्र से लाकर दिए गए यानि अभ्याहृत भोजन को खाने वाला शबल, ७. बार-बार प्रत्याख्यान अर्थात् परित्याग कर पुनः उसी वस्तु का प्रयोग या सेवन करने वाला शबल, ८. षड्मास (छह माह) के भीतर एक गण से दूसरे गण में जाने वाला शबल, ९. एक माह के भीतर तीन बार नाभि-प्रमाण जल में अवगाहन या प्रवेश करने वाला शबल, १०. एक माह के भीतर तीन बार माया स्थान को सेवन करने वाला शबल, ११. राजपिण्ड खाने वाला शबल, १२. जान-बूझकर पृथ्वी आदि जीवों का घात करने वाला शबल, १३. जानबूझकर असत्य वचन का प्रयोग करने वाला शबल, १४. जान-बूझकर बिना दी हुई वस्तु को ग्रहण करने वाला शबल, १५. जान-बूझकर

सचित्त पृथ्वी पर स्थान, आसन, कायोत्सर्ग आदि करने वाला शबल, १६. इसी प्रकार जान-बूझकर सचेतन पृथ्वी पर, सचेतन शिला पर और कोलावास यानी घुन वाली लकड़ी आदि पर स्थान, शयन-आसन आदि करने वाला शबल, १७. जीव-प्रतिष्ठित, प्राण-युक्त, सबीज, हरित-सहित, कीड़े-मकोड़े वाले, पनक, उदक, मृत्तिका कीड़ी नगरा वाले एवं इसी प्रकार के अन्य स्थान पर अवस्थान, शयन, आसनादि करने वाला शबल, १८. जान-बूझकर मूल-भोजन, कन्द-भोजन, त्वक्-भोजन, प्रवाल-भोजन, पुष्प-भोजन, फल-भोजन और हरित-भोजन करने वाला शबल, १९. एक वर्ष के भीतर दश बार जलावगाहन या जल में प्रवेश करने वाला शबल, २०. एक वर्ष के भीतर दश बार मायास्थानों का सेवन करने वाला शबल, २१. बार-बार शीतल जल से व्याप्त हाथों से अशन, पान, खादिम और स्वादिम पदार्थों को ग्रहण कर खाने वाला शबल।

Twenty one types of profound faults. Shabal Dosh (The faults or wrong deeds performed through fault induced activities which make one's character malevolent and polluted) has been described as :- 1. The fault of copulation, 2. The fault of sexual intercourse with women, 3. The fault of taking food after sun set, 4. The fault of taking half boiled or unboiled food, 5. Fault of accepting the alm from a person who has accorded permission to stay in the house or Jain Upashraya, 6. The fault regarding eating the food that has been purchased from the market or has been borrowed from other householder i.e. Abhyahrit food (the food brought in the upashrya for offering to the monk), 7. Fault of consuming (the same food again that has been renounced earlier), 8. The fault of shifting his loyalty from one ascetic organisation to another ascetic organisation within a period of six months, 9. The fault of entering into the flowing water having the surface upto the ones navel thrice in a month, 10. The fault of converting thrice the activities of deceit within a month i.e. Mayasthan activities, 11. The fault of seeking alms from the King's kitchen i.e. Rajpind, 12. The fault of killing the living beings of earth or prithvi kaya knowingly, 13. The fault of tilling lies knowingly, 14. The fault of taking any commodity knowingly which has not been given to him, 15. The fault regarding the activities having been performed knowingly or doing the religious activities like sitting, body relaxation etc. at the place occupied by living beings i.e. Sachit Prithvi (earth-bodied beings), 16. The fault of using the place, rock and worm eaten woods knowingly for making bed and sleeping while it has been occupied by living being. 17. Fault of staying at a place occupied by living beings, place full of vital force beings with seeds, occupied by vegetation, occupied by insects, worms, flies, termite etc. and to make bed, sitting arrangements at the places having the similar conditions, 18. The fault regarding to consumption root food, root stem food, tvakt food, sea food, flowers food, fruits food etc. knowingly i.e.

to consume green sachet food, 19. The fault of entering into the water of ten times within a duration of one year, 20. The fault related to visit places for a period of ten times within a year, those are called, prohibited places i.e. Mara Sthan for monks and nuns, 21. The fault regarding of taking cereal, liquid, tasty, fats foods with the hands which are washed, cleaned again and again with cold water.

१४५–णिअट्टिबादरस्स णं खवित्तसत्तयस्स मोहणिज्जस्स कम्मस्स एक्कवीसं कम्मंसा संतकम्मा पण्णत्ता, तं जहा–अप्पच्चक्खाणकसाए कोहे, अप्पच्चक्खाणकसाए माणे, अप्पच्चक्खाणकसाए माया, अप्पच्चक्खाणकसाए लोभे, पच्चक्खाणावरणकसाए कोहे, पच्चक्खाणावरणकसाए माणे पच्चक्खाणावरणकसाए माया पच्चक्खाणावरणकसाए लोहे, [संजलणकसाए कोहे, संजलणकसाए माणे, संजलणकसाए माया, संजलणकसाए लोहे] इत्थिवेदे पुंवेदे णपुंवेदे हासे अरति-रति-भय-सोग-दुगुंछा।

मोहनीय कर्म की अनन्तानुबंधी चार और दर्शनत्रिक (मिथ्यात्व, मिश्र व सम्यक्त्वमोहनीय) इन सात प्रकृतियों का क्षय करने वाले निवृत्ति बादर नामक आठवें गुणस्थानवर्ती जीव के मोहनीय की इक्कीस कर्म प्रकृतियां सत्ता में रहती हैं। वे इस प्रकार हैं, यथा — १. अप्रत्याख्यान क्रोध कषाय, २. अप्रत्याख्यान मान कषाय, ३. अप्रत्याख्यान माया कषाय, ४. अप्रत्याख्यान लोभ कषाय, ५. प्रत्याख्यानावरण क्रोध कषाय, ६. प्रत्याख्यानवरण मान कषाय, ७. प्रत्याख्यानावरण माया कषाय, ८. प्रत्याख्यानावरण लोभ कषाय, ९. संज्वलन क्रोध कषाय, १०. संज्वलन मान कषाय, ११. संज्वलन माया कषाय, १२. संज्वलन लोभ कषाय, १३. स्त्रीवेद, १४. पुरुषवेद, १५. नपुंसक वेद, १६. हास्य, १७. अरति, १८. रति, १९. भय, २०. शोक, २१. दुगुंछा (जुगुप्सा)।

The seven tendencies consisting of infinite and wrong belief, compound & slight delusion means the destroyable gross particles of perceptual delusion are stated as having the twenty one tendencies of delusion karmas as the eighth stage of spiritual purification (gunsthan) named as Kshapak Naivarti Badar Gunsthan. They are: 1. Passion of anger (unregulated), 2. Passion of conceit (unregulated), 3. Passion of deceit (unregulated), 4. Passion of greed (unregulated), 5. Mild (regulated) passion of anger, 6. Mild (regulated) passion of conceit, 7. Mild (regulated) passion of deceit, 8. Mild (regulated) passion of greed, 9. Flickering passion of anger, 10. Flickering passion of conceit, 11. Flickering passion of deceit, 12. Flickering passion of greed, 13. Feminity, 14. Masculinity, 15. Sexual feeling towards both male and female, Hermaphroditic, 16. Joking, 17. Non-absorbed, 18. Absorbed (interested in restraint), 19. Fear, 20. Sorrow, 21. Disgust (in mundane pleasures).

१४६–एक्कमेक्काए णं ओसप्पिणीए पंचम-छट्ठाओ समाओ एक्कवीसं एक्कवीसं वाससहस्साइं कालेणं पण्णत्ताओ, तं जहा–दूसमा, दूसमदूसमा, एगमेगाए णं उस्सप्पिणीए पढम-बितिआओ समाओ एक्कवीसं एक्कवीसं वाससहस्साइं कालेणं पण्णत्ताओ, तं जहा–दूसमदूसमाए, दूसमाए य।

इक्कीस-इक्कीस हजार वर्ष के काल वाले प्रत्येक अवसर्पिणी के पाँचवें और छठे आरे कहे गए हैं, यथा — दुःषमा और दुषम-दुषमा। इसी प्रकार इक्कीस-इक्कीस हजार वर्ष के काल वाले प्रत्येक उत्सर्पिणी के प्रथम और द्वितीय आरे कहे गए हैं, यथा — दुःषम-दुःषमा और दुःषमा।

The time period of the fifth & sixth aeon of every decreasing time cycle i.e. Avasarpini kaal has been described of twenty one thousand years each as :– The Dushama and Dushama-Dushama. Such is the first and 2nd spoke (Ara) of increasing time cycle i.e. Utsarpini kaal. They have been narrated of twenty one thousand years each as Dushama-Dushama and Dushama.

१४७–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एक्कवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। छट्ठीए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं एगवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में इक्कीस पल्योपम स्थिति वाले कितने ही नारकों का वर्णन निरूपित है। छठी पृथ्वी जो तमप्रभा है, उसमें इक्कीस सागरोपम स्थिति वाले कितने ही नारक कहे गए हैं। कितने ही असुर कुमार देवों की स्थिति इक्कीस पल्योपम कही गई है।

The description of the hellish beings of the Ratanprabha hell having the life duration of twenty one Palyopama has been expounded. In the sixth land hell namely Tamh Prabha the hellish beings having a life duration of twenty one Sagropama have been described. The life duration of the malevolent demons (Asur kumar) has been said as twenty one Palyopama.

१४८–सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं एक्कवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। आरणे कप्पे देवाणं उक्कोसेणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

सौधर्म-ईशान कल्पों में कितने ही देव इक्कीस पल्योपम स्थिति वाले कहे गए हैं। आरणकल्प में देव इक्कीस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति वाले निरूपित हैं।

The celestial beings of the celestial vehicles of Sodharma-Ishankalpa have been stated as having life duration of twenty one Palyopama. The maximum life duration of the native celestial beings of the Aarankalpa has been mentioned as twenty one Sagropama.

१४९–अच्चुते कप्पे देवाणं जहण्णेणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा सिरिवच्छं सिरिदामकंडं मल्लं किट्टं चावोण्णतं अरण्णवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववण्णा, तेसि णं देवाणं एक्कवीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा एक्कवीसाए अद्धमासाणं आणमंति वा, पाणमंति वा, उस्ससंति वा, नीससंति वा। तेसि णं देवाणं एक्कवीसाए वाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइया भवसिद्धिआ जीवा जे एक्कवीसाए भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

अच्युत कल्प में देव इक्कीस सागरोपम जघन्य स्थिति के कहे गए हैं। वहाँ देव विशिष्ट विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। उन विशिष्ट विमानों की संख्या छह कही गई है। यथा—१. श्रीवत्स विमान, २. श्रीदामकाण्ड विमान, ३. मल्ल विमान, ४. कृष्ट विमान, ५. चापोन्नत विमान, ६. आरणावतंसक विमान। वे देव इक्कीस सागरोपम स्थिति के कहे गए हैं। वे देव इक्कीस अर्धमासों (साढ़े दश मासों) के उपरान्त उच्छ्वास-निःश्वास या आन-प्राण की क्रियाएँ करते हैं। वे देव इक्कीस हजार वर्षों के पश्चात् आहार की इच्छा करते हैं।

वहाँ कितने ही भव्यसिद्धिक जीव इक्कीस भव (जन्म) ग्रहण करेंगे। तदुपरान्त वे सिद्ध-बुद्ध होंगे। वे भव्यसिद्धिक जीव कर्मों से विमुक्त हो कर परम निर्वाण को प्राप्त होंगे। वे अन्ततोगत्वा सर्व दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

The minimum life span of the celestial beings of (Achyut Viman) has been narrated as twenty one Sagropama duration. There the celestial beings take birth the exclusive celestial vehicles (Vimans) prescribed six in numbers. They are: 1. Shrivats Viman, 2. Shri Daamkaand Viman, 3. Mall Viman, 4. Krisht Viman, 5. Chaponat Viman, 6. Aaranavatansak Viman. The duration of these gods has been stated as twenty one Sagropama. They do the activity of respiration or inhale and exhale after passage a period of twenty one half months or after ten and a half months duration. They desire for food once after the expiry of twenty one thousand years. Many of them capable of salvation (Bhavyasidhik jeevas) would take birth twenty one times in future. After that they would attain emancipation. These Bhavsidhik jeevas after renouncing their all the accumulated karmas of previous lives would get ultimate goal of their lives. Ultimately they would destroy their all the miseries and sufferings at the end.

।। इक्कीसवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Twenty First Samvaya)

बाईसवां समवाय

The Twenty Second Samvaya

१५०–वावीसं परीसहा पण्णत्ता, तं जहा–दिगिंछापरीसहे १, पिवासापरीसहे २, सीतपरीसहे ३, उसिणपरीसहे ४, दंसमसगपरीसहे ५, अचेलपरीसहे ६, अरइपरीसहे ७, इत्थीपरीसहे ८, चरिआपरीसहे ९, निसीहिआपरीसहे १०, सिज्जापरीसहे ११, अक्कोसपरीसहे १२, वहपरीसहे १३, जायणापरीसहे १४, अलाभपरीसहे १५, रोगपरीसहे १६, तणफासपरीसहे १७, जल्लपरीसहे १८, सक्कारपुरक्कारपरीसहे १९, पण्णापरीसहे २०, अण्णाणपरीसहे २१, अदंसणपरीसहे २२।

बाईस परीषह (कर्म-निर्जरा हेतु भूख-प्यास, शीत-उष्ण, डांस-मच्छर आदि बाधाओं या कष्टों को समतापूर्वक सहना) निरूपित हैं। यथा —१. दिगिंच्छा (बुभुक्षा) परीषह, २. पिपासा परीषह, ३. शीत परीषह, ४. उष्ण परीषह, ५. दंशमशक परीषह, ६. अचेल परीषह, ७. अरति परीषह, ८. स्त्री परीषह, ९. चर्या परीषह, १०. निषद्या परीषह, ११. शय्या परीषह, १२. आक्रोश परीषह, १३. वध परीषह, १४. याचना परीषह, १५. अलाभ परीषह, १६. रोग परीषह, १७. तृण स्पर्श परीषह, १८. जल्ल परीषह, १९. सत्कार-पुरस्कार परीषह, २०. प्रज्ञा परीषह, २१. अज्ञान परीषह, २२. अदर्शन परीषह।

The number of afflictions has been stated as twenty two. In order to destroy Karma one should bear with equanimity the hunger and thirst induced pains, warm and cold and the mosquitoes and flies induced obstructions. They are:– 1. Affliction of hunger, 2. Affliction of thirst, 3. Affliction of cold, 4. Affliction of heat, 5. Affliction of insects bites, 6. Affliction of nudity, 7. Affliction of non-absorption, 8. Femininitive Afflictions, 9. Affliction of movement and conduct, 10. Affliction of sitting, 11. Affliction of bed, 12. Affliction of exasperation, 13. Affliction of killing, 14. Affliction of seeking alms, 15. Affliction of not gaining in alms, 16. Affliction of disease, 17. Affliction of straw sting touch, 18. Affliction of ailment, 19. Affliction of infatuation due to honour and getting prizes, 20. Affliction of knowledge, 21. Affliction of ignorance, 22. Affliction of non-faith.

१५१–दिट्ठिवायस्स णं वावीसं सुत्ताइं छिन्नछेयणइयाइं ससमयसुत्तपरिवाडीए, वावीसं सुत्ताइं अच्छिन्नछेयणइयाइं आजीवियसुत्तपरिवाडीए, वावीसं सुत्ताइं तिकणइयाइं तेरासियसुत्तपरिवाडीए, वावीसं सुत्ताइं चउक्कणइयाइं समयसुत्तपरिवाडीए।

बारहवाँ अंग दृष्टिवाद है। इसमें बाईस सूत्र स्वसमय सूत्र परीपाटी से छिन्न-छेदनयिक हैं। बाईस सूत्र आजीविक सूत्र परिपाटी से अच्छिन्न-छेदनयिक हैं। इसी प्रकार त्रैराशिक सूत्र परिपाटी से नयत्रिक सम्बन्धी बाईस सूत्र हैं। चार नयों (सूत्र संग्रह, व्यवहार, ऋजु सूत्र और शब्दादित्रिक) की अपेक्षा से बाईस सूत्र चतुष्कनयिक कहे गए हैं।

The Drishtivad canon is twelfth one. In it the twenty two aphorism name as of Swasamaya Sutra are related to chhinn-chhedan tradition. In the same way twenty two aphorism relate to destiny. Another twenty two tradition relate to three groups of being. There are twenty two aphorism related to three philosophical view points. With regard to the four philosophical view points i.e. general view point, distributive viewpoint, actual viewpoint and three literal i.e. literal, conventional and specific view points. These twenty two aphorism are of there four view points.

१५२–वावीसविहे पोग्गलपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा–कालवण्णपरिणामे, नीलवण्णपरिणामे, लोहियवण्णपरिणामे, हलिद्दवण्णपरिणामे, सुक्किल्लवण्णपरिणामे, सुब्भिगंधपरिणामे, दुब्भिगंधपरिणामे, तित्तरसपरिणामे, कडुयरसपरिणामे, कसायरसपरिणामे, अंबिलरसपरिणामे, महुररसपरिणामे, कक्खडफासपरिणामे, मउयफासपरिणामे, गुरुफासपरिणामे, लहुफासपरिणामे, सीतफासपरिणामे, उसिणफासपरिणामे, णिद्धफासपरिणामे, लुक्खफासपरिणामे, अगुरुलहुफासपरिणामे, गुरुलहुफासपरिणामे।

पुद्गल के परिणाम (धर्म) कहे गए हैं। इनके बाईस प्रकार हैं। यथा — १. कृष्णवर्ण परिणाम, २. नील वर्ण परिणाम, ३. लोहित वर्ण परिणाम, ४. हारिद्रवर्ण परिणाम, ५. शुक्लवर्ण परिणाम, ६. सुरभिगन्ध परिणाम, ७. दुरभिगन्ध परिणाम, ८. तिक्तरस परिणाम, ९. कटुकरस परिणाम, १०. कषायरस परिणाम, ११. आम्ल रस परिणाम, १२. मधुरस परिणाम, १३. कर्कशस्पर्श परिणाम, १४. मृदुस्पर्श परिणाम, १५. गुरु स्पर्श परिणाम, १६. लघुस्पर्श परिणाम, १७. शीत स्पर्श परिणाम, १८. उष्णस्पर्श परिणाम, १९. स्निग्ध स्पर्श परिणाम, २०. रूक्षस्पर्श परिणाम, २१. अगुरुलघुस्पर्श परिणाम, २२. गुरुलघुस्पर्श परिणाम।

The description of the inherent nature (properties) of the matter (pudgal) has been discussed. The total number of these properties are twenty two. They are:– 1. Black coloured form, 2. Blue coloured, 3. Red coloured, 4. Green coloured. 5. White coloured form, 6. Sweet smell property, 7. Foul smell property, 8. Pungent taste property, 9. Bitter taste property, 10. Saline savoury property, 11. Sour savoury property, 12. Sweet taste property, 13. Hard touch property, 14. Soft touch property, 15. Heavy touch property, 16. Light touch property, 17. Cold feeling of touch property, 18. Hot feeling property, 19. Smooth feeling property, 20. Tough touch feeling property, 21. Neither heavy nor light feeling touch property, 22. Heavy light feeling touch property.

१५३–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं वावीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। छट्ठीए पुढवीए उक्कोसेणं वावीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। अहेसत्तमाए पुढवीए

अत्थेगइयाणं नेरइयाणं जहण्णेणं वावीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं वावीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु अत्थेगइयाणं देवाणं वावीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बाईस पल्योपम स्थिति के कितने ही नारक कहे गए हैं। छठी पृथ्वी तमःप्रभा है, उसमें नारक बाईस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति के कहे गए हैं। इसके नीचे तमस्तमा नामक सातवीं पृथ्वी है। इसमें नारकों की जघन्य स्थिति बाईस सागरोपम कही गई है। कितने ही असुरकुमार देव बाईस पल्योपम स्थिति के कहे गए हैं। सौधर्म-ईशान कल्पों में भी कितने ही देवों की स्थिति बाईस पल्योपम बतायी गई है।

In the hell of Ratanprabha the hellish beings have been narrated of life span of twenty two Palyopama duration. The sixth hell (prithvi) is Tamhprabha in which the hellish being shave been said of the life duration maximum of twenty two Sagropama. Below it there is situated the seventh Prithvi (hell)named Tamhstambha in which the life span of the hellish beings has been described minimum of twenty two Sagropama duration Sodharma-Ishan kalps's celestial being shave been said having the life span of twenty two Palyopama duration.

१५४–अच्चुते कप्पे देवाणं [उक्कोसेणं] वावीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। हेट्ठिम-हेट्ठिम-गेवेज्जगाणं देवाणं जहण्णेणं वावीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। जे देवा महियं विसूहियं विमलं पभासं वणमालं अच्चुतवडिंसगं विमाणं देवत्ताए अववण्णा, तेसिं णं देवाणं उक्कोसेणं वावीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। ते णं देवा [वावीसं अद्धमासाणं आणमंति वा पाणमंति वा, उस्ससंति वा नीससंति वा।] तेसिं णं देवाणं वावीसवाससहस्सेहिं आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

संतेगइया भवसिद्धिआ जीवा जे वावीसं भवग्गहणेहिं सिज्झिस्संति बुज्झिस्संति मुच्चिस्संति परिनिव्वाइस्संति सव्वदुक्खाणमंतं करिस्संति।

अच्युतकल्प में देव बाईस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति के कहे गए हैं। अधस्तन-अधस्तन ग्रैवेयक देव बाईस सागरोपम जघन्य स्थिति के हैं। वहाँ देव विशिष्ट विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। उन विमानों की संख्या छह कही गई है। यथा — १. महित विमान, २. विसूहित (विश्रुत) विमान, ३. विमल विमान, ४. प्रभास विमान, ५. वनमाल विमान, ६. अच्युतावतंसक विमान। वे देव बाईस सागरोपम उत्कृष्ट स्थिति के कहे गए हैं। वे देव बाईस अर्धमासों (ग्यारह मासों) के उपरान्त उच्छ्वास-निःश्वास या आन-प्राण की क्रिया करते हैं। वे देव बाईस हजार वर्षों के पश्चात् आहार की इच्छा करते हैं।

वहाँ कितने ही भव्यसिद्धिक जीव बाईस भव (जन्म) ग्रहण करेंगे। इसके उपरान्त वे सिद्ध-बुद्ध होंगे। तदनन्तर वे भव्यसिद्धिक जीव कर्मों से विमुक्त होकर परमनिर्वाण को प्राप्त होंगे। वे जीव अन्ततोगत्वा सर्व दुःखों का शमन (अन्त) करेंगे।

The life duration of the celestial beings into the Achyutkalpa has been expounded maximum of twenty two Sagropama. The life span of the celestial beings of the lowest graivayak celestial vehicle has been said minimum of twenty two Sagropama duration. There the gods who take birth into the specific celestial vehicles as celestial beings. The number of those celestial beings are six, described as follows :- 1. MohitViman, 2. Visuhit (Vishrut) Viman, 3. Vimal Viman, 4. Prabhas Viman, 5. Vanmal Viman, 6. Achyutvatansak Viman. These godshave been said maximum of twenty two Sagropama duration. They inhale and exhale or do the activity of respiration after the completion of twenty two fortnight means after eleven months. They desire for food once after the interval of twenty two thousand years.

There the beings capable of salvation (Bhavyasidhik jeevas) will take twenty two births in future. Then they will be enlightened. Accordingly destroying their all the accumulated karmas they would attain supreme nirvan. Ultimately they would annihilate all the miseries and sufferings in the end.

।। बाईसवां समवाय समाप्त ।।

(The End of Twenty Second Samvaya)

तेईसवां समवाय

The Twenty Third Samvaya

१५५–तेवीसं सूयगडज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–समए १, वेतालिए २, उवसग्गपरिण्णा ३, थीपरिण्णा ४, नरयविभत्ती ५, महावीरथुई ६, कुसीलपरिभासिए ७, विरिए ८, धम्मे ९, समाही १०, मग्गे ११, समोसरणे १२, आहत्तहिए १३, गंथे १४, जमईए १५, गाथा १६, पुण्डरीए १७, किरियाठाण १८, आहारपरिण्णा १९, अपच्चक्खाणकिरिआ २०, अणगारसुयं २१, अद्दइज्जं २२, णालंदइज्जं २३।

सूत्रकृतांग में तेईस अध्ययन निरूपित हैं। यथा — १. समय अध्ययन, २. वैतालिक अध्ययन, ३. उपसर्ग परिज्ञा अध्ययन, ४. स्त्री परिज्ञा अध्ययन, ५. नरक विभक्ति अध्ययन, ६. महावीर स्तुति अध्ययन, ७. कुशील परिभाषित अध्ययन, ८. वीर्य अध्ययन, ९. धर्म अध्ययन, १०. समाधि अध्ययन, ११. मार्ग अध्ययन, १२. समवसरण अध्ययन, १३. याथातथ्य (आख्यातहित) अध्ययन, १४. ग्रन्थ अध्ययन, १५. यमक अध्ययन, १६. गाथा अध्ययन, १७. पुण्डरीक अध्ययन, १८. क्रियास्थान अध्ययन, १९. आहार परिज्ञा अध्ययन, २०. अप्रत्याख्यान क्रिया अध्ययन, २१. अनगारश्रुत अध्ययन, २२. आर्द्रीय अध्ययन, २३. नालन्दीय अध्ययन।

In the holy scripture named 'Sutrakritang' twenty three chapters have been expounded as :– 1. Samaya Adhyana(chapter of time [instant]), 2. Vaitalika Chapter, 3. Upsarg (Calamity) Pragya Chapter (knowledge regarding afflictions), 4. Istripragya Chapter (knowledge regarding females), 5. NarakVibhakti Chapter (chapter regarding division of hells), 6.Mahavir Stuti Chapter (chapter regarding Lord Mahavira's Eulogy), 7. Kusheel Paribhashit Adhyana (chapter related to perverted manifestations), 8. Veerya Adhyana (chapter of potency/energy), 9. Dharama Adhyana (chapter of religions), 10. Samadhi Adhyana (chapter of absolute meditation), 11. Marg Adhyana (chapter regarding religious), 12. Samvasaran Adhyana (path of salvation assembly), 13. Yathatathya (Akhyaathit) Adhyana (chapter of retrospective facts), 14.Granth Adhyana (chapter on scriptures), 15. Yamak Adhyana, 16. Gatha Adhyana (chapter regarding aphorism), 17. Pundrik Adhyana (chapter of lotus), 18. Kriyasthan Adhyana (chapter regarding monks activities), 19. Aharprigya Adhyana (chapter concerning seeking of alms), 20. Apratyakhyan Kriya Adhyana (chapter regarding unvowed activities), 21. Anagar Shrut Adhyana (chapter regarding house hold scriptures, 22. Aaradriya Adhyana, 23. Nalandiya Adhyana.

१५६–जम्बुद्दीवे णं दीवे भारहे वासे इमीणे णं ओसप्पिणीए तेवीसाए जिणाणं सूरुग्गमणमुहुत्तंसि केवलवरनाण-दंसणे समुप्पण्णे। जंबुद्दीवे णं दीवे इमीसे णं ओसप्पिणीए तेवीसं तित्थयरा पुव्वभवे एक्कारसंगिणो होत्था। तं जहा–अजित-सम्भव-अभिणंदण-सुमई जाव पासो वद्धमाणो य। उसभे णं अरहा कोसलिए चोद्दसपुव्वी होत्था।

जम्बूद्वीप नामक इस द्वीप के अंतर्गत भारतवर्ष में इसी अवसर्पिणी काल में तेईस तीर्थंकर जिनवरों को सूर्योदय मुहूर्त्त (सूर्योदय के समय) में केवल-वर-ज्ञान और केवल-वर-दर्शन समुत्पन्न हुए। जम्बूद्वीप नामक इस द्वीप में इस अवसर्पिणी काल के आद्य तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव को छोड़कर, शेष तेईस तीर्थंकर पूर्वभव में ग्यारह अंगश्रुत के ज्ञाता थे। यथा –तीर्थंकर अजित, सम्भव, अभिनन्दन, सुमति यावत् भगवान पार्श्वनाथ तथा तीर्थंकर भगवान महावीर। तीर्थंकर ऋषभदेव यानि कौशलिक ऋषभ अर्हत् चतुर्दश पूर्वी थे अर्थात् चौदह पूर्वों के ज्ञाता थे।

In continent Jambu the region of Bharat is situated. In the decreasing cycle of time 'Avsarpini kaal' twenty three ford makers (Tirthankaras) of this Jambu continent attained omniscience and omni perception (kewal gyan and kewal darshan) at the time of sunrise. Barring the 1st ford maker (Tirthankara) ShriRishabh Dev ji Maharaj of this Jambu continent all of the remaining ford makers (Tirthankara) had the knowledge of eleven canons (11 Agmas) in their previous (reincarnation) lives. There are : Omniscient Ajit, Sambhav,

Abhinandan, Sumti so on upto Lord Parshvanath and Lord Mahavira. Tirthankara Rishabh Dev means was of Kaushal clan be omniscient Rishabh had the knowledge of fourteen poorvas.

१५७–जम्बुद्दीवे णं दीवे इमीसे ओसप्पिणीए तेवीसं तित्थयरा पुव्वभवे मंडलियरायाणो होत्था। तं जहा–अजित-सम्भव-अभिणंदण जाव पासो वद्धमाणे य। उसभे णं अरहा कोसलिए पुव्वभवे चक्कवट्टी होत्था।

जम्बूद्वीप में इस अवसर्पिणी काल के आद्य तीर्थंकर ऋषभदेव को छोड़कर शेष तेईस तीर्थंकर पूर्वभव में मांडलिक राजा थे। यथा —अजित, संभव, अभिनंदन यावत् भगवान पार्श्वनाथ तथा वर्धमान। किन्तु इस काल के कौशलिक ऋषभ अर्हत् यानि प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव पूर्वभव में चक्रवर्ती राजा थे।

Barring the 1st ford maker the Adi Tirthankara Bhagwan Rishabh Dev in this decreasing time cycle i.e. Avasarpini kaal of Jambu continent the remaining twenty three ford makers (Tirthankara) were Mandalik kings in their previous births. They are: Tirthankara Ajit, Sambhav, Abhinandan so on upto Lord Parshvanath and Lord Mahavira. The first Tirthankara (ford maker) Lord Rishabh Dev was a supreme lord (Chakravarti) in his previous birth.

१५८–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तेवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। अहे सत्तमाए णं पुढवीए अत्थेगइयाणं नेरइयाणं तेवीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता। असुरकुमाराणं देवाणं अत्थेगइयाणं तेवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। सोहम्मीसाणाणं देवाणं अत्थेगइयाणं तेवीसं पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी में तेईस पल्योपम स्थिति के अनेकों नारक कहे गए हैं। अधस्तन सातवीं पृथ्वी तमस्तमा है। इसमें कितने ही नारकियों की स्थिति तेईस सागरोपम कही गई है। कितने ही असुरकुमार देव तेईस पल्योपम स्थिति के कहे गए हैं। सौधर्म-ईशान कल्प में भी कितने ही देव तेईस पल्योपम स्थिति के कहे गए हैं।

The height of all the graivayak celestial vehicles has been said of ten hundred yojanas. All the Yamak Mountains, too, have been said ten hundred yojanas high. These all the mountains are rooted deep into the earth equal to ten hundred gavyuti(Indian scale).

At their roots they are of the expansion of ten hundred yojanas each. In the same way the expansion of Chitra Vichi Kut should be stated.

४८४–सव्वे वि णं वट्टवेयड्ढपव्वया दस-दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। दस-दस गाउयसयाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता। मूले दस-दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता। सव्वत्थ समा पल्लगसंठाणसंठिया पण्णत्ता।

समस्त वृत्त वैताढ्य पर्वतों की ऊँचाई दश-दश सौ योजन कही गई है। उन पर्वतों का उद्वेध (गहराई) दश-दश सौ गव्यूति (कोश) है। वे पर्वत मूल में दश-दश सौ योजन विष्कम्भ वाले हैं। उन पर्वतों का आकार ऊपर-नीचे सर्वत्र पल्यंक (ढोल) के सदृश गोल कहा गया है।

The height of all the circular Vaitadhya Mountains have been said equal to ten hundred yojanas each, the depth in the earth of all the mountains is ten hundred koshas (Indian scale) each. The expansion of these mountains at their roots has been said of ten hundred yojanas. The structure of all these mountains from top to bottom entirely has been said round and are similar to a drum.

४८५–सव्वे वि णं हरि-हरिस्सहकूडा वक्खारकूडवज्जा दस-दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। मूले दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं (पण्णत्ता)। एवं बलकूड वि नंदणकूडवज्जा।

वक्षार कूट को छोड़कर सभी हरिकूट और हरिस्सहकूट की ऊँचाई दश-दश सौ योजन कही गई है। वे कूट मूल में दश सौ योजन विष्कम्भ वाले हैं। इसी प्रकार नन्दन कूट को छोड़कर सभी बलकूट भी दश सौ योजन विस्तार वाले जानना चाहिए।

Barring the Vakshar Kut the height of all the Harikut-Harrisah Kut have been said of ten hundred yojanas each. These Kuts are of expansion of ten hundred yojanas at their roots. In the same way barring the Nandan forest all the other Bal Kuts should be known of the expansion of ten hundred yojanas, too.

४८६–अरहा णं अरिट्ठनेमी दस वाससयाइं सव्वाउयं पालइत्ता सिद्धे बुद्धे जाव सव्वदुक्खप्पहीणे। पासस्स णं अरहओ दस सयाइं जिणाणं होत्था। पासस्स णं अरहओ दस अंतेवासीसयाइं कालगयाइं जाव सव्वदुक्खप्पहीणाइं।

अरिष्टनेमि अर्हत् ने दश सौ वर्ष की समग्र आयु भोगी और वे सिद्ध-बुद्ध हुए। वे अन्ततः कर्म-मुक्त हुए और परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। अन्ततोगत्वा वे सर्व दुःखों से रहित हो गए। पार्श्व अर्हत् के दश सौ अन्तेवासी शिष्य कालगत होकर सिद्ध-बुद्ध हुए। वे कर्म-मुक्त होकर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए। अन्ततोगत्वा वे सर्व दुःखों से रहित हो गए।

Arihant Arishtnemi enjoyed a total life of ten hundred years and attained salvation. Ultimately he got liberated from karmas and attained Parinirvana.

Eventually he became devoid of all the miseries and sufferings. After completing their age, the ten hundred very close disciples of Arihant Parshva Nath attained liberation. Annihilating all their karmas they got salvation i.e. Parinirvana. Ultimately they became devoid of all miseries and sufferings.

४८७–पउमद्दह-पुंडरीयद्दहा य दस दस जोयणसयाइं आयामेणं पण्णत्ता। १०००।

पद्मद्रह व पुण्डरीक द्रह दश-दश सौ योजन लम्बे कहे गए हैं।

Padam cave and Pundrik cave each have been said of ten hundred yojanas long.

४८८–अणुत्तरोववाइयाणं देवाणं विमाणा एक्कारस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।

अनुत्तरौपपातिक देवों के विमानों की ऊँचाई ग्यारह सौ योजन कही गई है।

The heights of celestial vehicles of celestial beings of Anuttropapatik have been said equal to eleven hundred yojanas.

४८९–पासस्स णं अरहओ इक्कारस सयाइं वेउव्वियाणं होत्था। ११००।

पार्श्व अर्हत् के संघ में ग्यारह सौ वैक्रियलब्धि से सम्पन्न साधु थे।

In the ascetic order of Arihant Parshva Nath eleven hundred monks were accomplished with Vaikriyalabdhi (transformable body).

४९०–महापउम-महापुंडरीयदहाणं दो-दो जोयणसहस्साइं आयामेणं पण्णत्ता। २०००।

महापद्म और महापुंडरीक द्रह दो-दो हजार योजन लम्बे कहे गए हैं।

Mahapadam Cave and Mahapundrik Cave each have been said of two thousand yojanas long.

४९१–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए वइरकंडस्स उवरिल्लाओ चरमंताओ लोहियक्खकंडस्स हेट्ठिल्ले चरमंते एस णं तिन्नि जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। ३०००।

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के वज्रकांड के ऊपरी चरमान्त भाग से लोहिताक्षकांड का निचला चरमान्त भाग तीन हजार योजन के अन्तर वाला कहा गया है।

The extreme end below of Lohitaksh Kand from the extreme upper part of Vajrakand of this Ratanprabha hell has been said of the distance of three thousand yojanas.

४९२–तिगिंछ-केसरिदहा णं चत्तारि-चत्तारि जोयणसहस्साइं आयामेणं पण्णत्ता। ४०००।

तिगिंछ और केशरी द्रह चार-चार हजार योजन लम्बे कहे गए हैं।

The Tiginchh and Keshari caves each have been said of four thousand yojanas long.

४९३–धरणितले मंदरस्स णं पव्वयस्स बहुमज्झदेसभाए रुयगनाभीओ चउदिसिं पंच-पंच जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे मंदरपव्वए पण्णत्ते। ५०००।

धरणीतल या समभूमिभाग पर मन्दर पर्वत के ठीक मध्य भाग में रुचक नाभि से चारों ही दिशाओं में मन्दर पर्वत पाँच-पाँच हजार योजन के अन्तर वाला है।

The Mandar Mountain at the surface or the (even earth part), in its very middle part, in all the four directions, from Ruchak Nabhi has been said of the distance of five thousand yojanas each.

४९४–सहस्सारे णं कप्पे छविमाणावाससहस्सा पण्णत्ता। ६०००।

सहस्रार कल्प में छह हजार विमानावास कहे गए हैं।

In Sahsrar kalp the number of the celestial vehicles has been said six thousand.

४९५–इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए रयणस्स कंडस्स उवरिल्लाओ चरमंताओ पुलगस्स कंडस्स हेट्ठिले चरमंते एस णं सत्त जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। ७०००।

रत्नप्रभा पृथ्वी के रत्नकांड (प्रथमकाण्ड) के ऊपरी चरमान्त भाग से पुलक कांड (सातवाँ काण्ड) का निचला चरमान्त भाग सात हजार योजन के अन्तर वाला कहा गया है।

The extreme end below part of the seventh Kand namely Pulak Kand from the extreme end upper part of 1st Kand namely Ratan Kand of Ratanprabha hell has been said of the distance of seven thousand yojanas.

४९६–हरिवास-रम्मया णं वासा अट्ठ जोयणसहस्साइं साइरेगाइं वित्थरेणं पण्णत्ता। ८०००।

हरिवर्ष और रम्यकवर्ष आठ हजार योजन से कुछ अधिक विस्तार वाले कहे गए हैं।

Harivansh and Ramyak varsh have been said of the expansion of a little more than eight thousand yojanas.

४९७–दाहिणड्ढ भरहस्स णं जीवा पाईण-पडीणायया दुहओ समुद्दं पुट्ठा नव जोयणसहस्साइं आयामेणं पण्णत्ता। ९०००।

[अजियस्स णं अरहओ साइरेगाइं नव ओहिनाणसहस्साइं होत्था।]

पूर्व और पश्चिम में समुद्र को स्पर्श करने वाली दक्षिणार्ध भरतक्षेत्र की जीवा नौ हजार योजन लम्बी कही गई है।

[अजित अर्हत् के संघ में नौ हजार से कुछ अधिक अवधिज्ञानी थे।]

The diameter of South hemisphere of Bharat region from East to West touching to the ocean has been said nine thousand yojans long. In the ascetic congregation of Arihant Ajit Nath a few more than nine thousand clairvoyants were there.

४९८–मंदरे णं पव्वए धरणितले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं पण्णत्ते। १००००।

मन्दर पर्वत धरणीतल पर दश हजार योजन विस्तार वाला कहा गया है।

At the surface of the earth Mandar Mountain has been said of the expansion of ten thousand yojanas.

४९९–जम्बुदीवे णं दीवे एगं जोयणसयसहस्सं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ते। १०००००।

जम्बूद्वीप के विषय में कहा गया है कि यह एक लाख योजन आयाम-विष्कम्भ वाला है।

In respect of Jambu continent it has been said that its length and width is equal to one lac yojanas.

५००–लवणे णं समुद्दे दो जोयणसयसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते। २०००००।

लवण समुद्र चक्रवाल विष्कम्भ से दो लाख योजन चौड़ा कहा गया है।

According to the circular expansion of Lavan ocean its width has been said equal to two lacs yojanas.

५०१–पासस्स अरहओ णं तिन्नि सयसाहस्सीओ सत्तावीसं च सहस्साइं उक्कोसिया सावियासंपया होत्था। ३२७०००।

पार्श्व अर्हत् के संघ में तीन लाख सत्ताईस हजार श्राविकाएँ थीं। यह पार्श्व प्रभु के संघ में श्राविकाओं की उत्कृष्ट सम्पदा थी।

In the ascetic congregation of Arihant Parshva Nath there were three lacs twenty seven thousand Shravikas. It was the maximum treasure of Shravikas in the ascetics congregation of Arihant Parshva Nath.

५०२–धायइखंडे णं दीवे चत्तारि जोयणसयसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते। ४०००००।

धातकी खण्ड द्वीप चक्रवाल विष्कम्भ की अपेक्षा चार लाख योजन चौड़ा कहा गया है।

With regard to the circular expansion the continent of Dhatki Khand has been said of four lac yojanas wide.

५०३–लवणस्स णं समुद्दस्स पुरच्छिमिल्लाओ चरमंताओ पच्चच्छिमिल्ले चरमंते एस णं पंच जोयणसयसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। ५०००००।

लवण समुद्र के पूर्वी चरमान्त भाग से पश्चिमी चरमान्त भाग का अन्तर पाँच लाख योजन कहा गया है।

From the extreme Eastern end of Lavan ocean to the extreme Western end of Lavan ocean the distance has been said equal to five lacs yojanas.

५०४–भरहे णं राया चाउरंतचक्कवट्टी छपुव्वसयसहस्साइं रायमज्झे वसित्ता मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए। ६०००००।

चातुरन्त चक्रवर्ती राजा भरत छह लाख पूर्व वर्ष राजपद पर आसीन रहे। तत्पश्चात् वे मुंडित हो अगार से अनगारिता में प्रव्रजित हुए।

Chaturant Chakravarti Supreme lord Bharat occupied the throne for a period of six lac poorva years. After that he got his head tonsured, he consecrated as an ascetic from the life of householder.

५०५–जंबूद्दीवस्स णं दीवस्स पुरच्छिमिल्लाओ वेइयंताओ धायइखंडचक्कवालस्स पच्चच्छिमिल्ले चरमंते सत्त जोयणसयसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। ७०००००।

इस जम्बूद्वीप की पूर्व वेदिका के अन्त से धातकी खण्ड के चक्रवाल-विष्कम्भ का पश्चिमी चरमान्त भाग सात लाख योजन के अन्तर वाला कहा गया है।

The extreme western end of circular expansion of Dhatki Khand from the end of East platform of this Jambu continent has been said of the distance of seven lac yojans.

५०६–माहिंदे णं कप्पे अट्ठ विमाणावाससयसहस्साइं पण्णत्ताइं। ८०००००।

माहेन्द्रकल्प में विमानों के आवासों की संख्या आठ लाख कही गई है।

The numbers of the residences of celestial vehicles in Mahender Kalpa have been said eight lacs.

५०७–अजियस्स णं अरहओ साइरेगाइं नव ओहिनाणिसहस्साइं होत्था। ९०००।

अजित अर्हत् के संघ में नौ हजार से कुछ अधिक संख्या में अवधिज्ञानी थे।

In the ascetic congregation of Arihant Ajit Nath, there were a few more than nine thousand clairvoyants.

५०८–पुरिससीहे णं वासुदेवे दस वाससयसहस्साइं सव्वाउयं पालइत्ता पंचमाए पुढवीए नेरइएसु नेरइयत्ताए उववन्ने। १००००००।

पुरुषसिंह वासुदेव ने दश लाख वर्ष की कुल आयु को भोगा। तदुपरान्त वे पाँचवीं नरक पृथ्वी में नारक रूप से उत्पन्न हुए।

Vasudev Purush Singh enjoyed a total life of ten lac years after-that he reincarnated as a hellish being in the fifth hell.

५०९–समणेणं भगवं महावीरे तित्थगरभवग्गहणाओ छट्ठे पोट्टिलभवग्गहणे एगं वासकोडिं सामन्नपरियागं पाउणित्ता सहस्सारे कप्पे सव्वट्ठविमाणे देवत्ताए उववन्ने। १००००००० ।

श्रमण भगवान महावीर ने तीर्थंकर भव ग्रहण किया किन्तु इससे पूर्व छठे पोट्टिल के भव में एक कोटि वर्ष श्रमण-पर्याय पाली। तदुपरान्त वे सहस्रार कल्प के सर्वार्थ विमान में देव रूप से उत्पन्न हुए थे।

Shraman Bhagwan Mahavir obtained the birth of Tirthankara but before this birth he remained in Shraman mode for a period of One crore years in the sixth Bhav of Pottil. After it he reincarnated as a celestial being in the celestial vehicle namely Sarvarth of Sahsarar Kalpa.

५१०–उसभसिरिस्स भगवओ चरिमस्स य महावीरवद्धमाणस्स एगा सागरोवमकोडाकोडी अबाहाए अंतरे पण्णत्ते। १०००००००००००००० सा–।

भगवान श्री ऋषभदेव का और अन्तिम भगवान महावीर वर्धमान का अन्तर एक कोड़कोड़ी सागरोपम कहा गया है। १०००००००००००००० सा० ।

The difference of the period between the 1st Tirthankar Bhagwan Shri Rishabh Dev and the last Tirthankar Lord Mahavira has been said of One Crore into One Crore = 10000000000000 Sagropama.

○○○

शलाकापुरुष एवं कालचक्र

तीर्थंकर ऋषभ - प्रभु महावीर का अंतराल

शलाकापुरुष एवं कालचक्र

उत्सर्पिणी के छह और अवसर्पिणी के छह-ऐसे कुल बारह आरक से एक कालचक्र बनता है। प्रत्येक उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी में 63-63 शलाका पुरुष होते हैं। इनमें 24 तीर्थंकर, 11 चक्रवर्ती, 9 बलदेव, 9 वासुदेव और 9 प्रतिवासुदेव होते हैं।

The six Ara (spokes) of descending time cycle (Avasarpini Kaal) and six Ara (spokes) of Ascending time cycle (Utsarpini Kaal) as such twelve spokes make a full time cycle. In each time cycle i.e. Avasarpini Kaal and Utsarpini Kaal 63 great personalities take birth-24 (Tirthankar) Ford-makers, 12 Supreme lords (Chakravarti), 9 Vasudeva (lords), 9 Baldeva (co-lords), 9 Prati Vasudeva (Anti-lords).

तीर्थंकर ऋषभ - प्रभु महावीर का अंतराल

भगवान ऋषभदेव और भगवान महावीर का अंतर एक कोटा-कोटि सागरोपम का था।

सूत्र सं. 510

The difference of time period between Bhagwan Rishabh Dev and Bhagwan Mahavir Swami was one 'Kotakoti' Sagropama.

[Sutra No. 510]

द्वादशांग गणि-पिटक

Twelve Canons - Gani Pittak

५११–दुवालसंगे गणिपिडगे पण्णत्ते। तं जहा–आयारे सूयगडे ठाणे समवाए विवाहपन्नत्ती णायाधम्मकहाओ उवासगदसाओ अंतगडदसाओ अणुत्तरोववाइयदसाओ पण्हावागरणाइं विवागसुए दिट्ठिवाए।

गणिपिटक (आचार्यों के सर्वस्वरूप श्रुतरत्नों की मंजूषा) द्वादश अंग स्वरूप कहा गया है। यथा —१.आचारांग, २. सूत्रकृतांग, ३. स्थानाङ्ग, ४. समवायाङ्ग, ५. व्याख्याप्रज्ञप्ति, ६. ज्ञाताधर्मकथा, ७. उपासकदशा, ८. अन्तकृद्दशा, ९. अनुत्तरोपपातिकदशा, १०. प्रश्नव्याकरण, ११. विपाक सूत्र, १२. दृष्टिवाद अंग।

The important ascetic treasure (Gani Pittak) (Tresure of the Shrut jewels of perceptors) has been said in the mode of twelve canons as :–1. Acharang, 2. Sutrakritang, 3. Sthanang, 4. Samvayang, 5. Vyakhya Pragyapati, 6. Gyata Dharam Katha, 7. Upasak Dasha, 8. Antkritdasha, 9. Anuttropapaatik Dasha, 10. Prashan Vyakaran, 11. Vipak Sutra, 12. Drishtivad canon.

५१२–से किं तं आयारे? आयारे णं समणाणं णिग्गंथाणं आयार-गोयर-विणय-वेणइयट्ठाण-गमण-चंकमण-पमाण-जोगजुंजण-भासासमिति-गुत्ती-सेज्जो-वहि-भत्त-पाण-उग्गम-उप्पायण-एसणाविसोहि-सुद्धासुद्धग्गहण-वय-णियम-तवोवहाण-सुप्पसत्थमाहिज्जइ।

द्वादशांग का प्रथम अंग आचारांग क्या है? इसमें क्या-क्या वर्णन है?

आचारांग में श्रमण-निर्ग्रन्थों के कर्त्तव्यों का सुप्रशस्त रूप से कथन किया गया है। यथा—श्रमण-निर्ग्रन्थों का आचार, गोचरी, विनय, वैनयिक (विनयफल) स्थान, गमन, चंक्रमण, प्रमाण, योग-योजन, भाषा, समिति, गुप्ति, शय्या, उपधि, भक्त, पान, उद्‌गम, उत्पादन, एषणाविशुद्धि, शुद्धग्रहण, अशुद्ध-ग्रहण, व्रत, नियम व तप-उपधान इन सबका उत्तम प्रकार से वर्णन हुआ है।

What the Acharang (the first canon of twelve canons)? What has been narrated in it ?

The duties, in excellent form, of Shraman (an unbound ascetic) have been narrated in Acharang Sutra as :- the conduct of Shraman Nirgranth, seeking alms, submissiveness, humility and its fruits, journey, wandering, praman, activity, language, awareness, restraint, couch, utensils, food, liquid, origin, production, purity of searching, purity of taking food, impure taking, fast, vows and observing penance. All these have been narrated excellently.

५१३–से समासओ पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–णाणायारे दंसणायारे चरित्तायारे तवायारे विरियायारे। आयारस्स णं परित्ता वायणा, संखेज्जा अणुओगदारा, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ, संखेज्जा वेढ, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ।

संक्षेप में आचार पाँच प्रकार का कहा गया है। यथा —१. ज्ञानाचार, २. दर्शनाचार, ३. चारित्राचार, ४. तपाचार, ५. वीर्याचार। इस पाँच प्रकार के आचार का प्रतिपादक शास्त्र भी आचार कहा गया है। आचारांग की परीत (परिमित) सूत्रार्थ प्रदान रूप वाचनाएँ, संख्यात उपक्रम आदि अनुयोगद्वार, संख्यात प्रतिपत्तियाँ, संख्यात वेष्टक, संख्यात श्लोक तथा संख्यात निर्युक्तियाँ हैं।

The description of conduct has been done in brief. It has been said of five types they are:—1. Knowledge conduct (Gyanachar), 2. Faith conduct (Darshnachar), 3. Character conduct (Charitrachar), 4. Penance conduct (Tapachar), 5. Potency conduct (Viryachar). The scripture in which all these five types of conducts are expounded are called 'Achar Sutra'. The texts in the limited form of Sutras of Acharang are as :- Sankhyat Upkaran, Sankhyat Anuyogdvar, Sankhyat Pratipalyan, Veshtak, Sankhyat couplets and Sankhyat Niryuktiyan.

५१४–से णं अंगट्ठयाए पढमे अंगे, दो सुयक्खंधा, पणवीसं अज्झयणा, पंचासीइं उद्देसणकाला, पंचासीइं समुद्देसणकाला, अट्ठारस पदसहस्साइं, पदग्गेणं, संखेज्जा अक्खरा, [अणंता गमा] अणंता पज्जवा, परित्ता तसा, अणंता, थावरा सासया कडा निबद्धा णिकाइया जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति पण्णविज्जंति परूविज्जंति दंसिज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति।

से एवं णाया, एवं विण्णाया, एवं चरण-करणपरूवणया आघविज्जंति पण्णविज्जंति परूविज्जंति दंसिज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से त्तं आयारे।।

गणि-पिटक के द्वादशांग में अंग की (स्थापना की) अपेक्षा से आचार प्रथम अंग है। इसमें दो श्रुतस्कन्ध हैं, और पच्चीस अध्ययन हैं। इसमें उद्देशन-काल व समुद्देशन काल पचासी-पचासी हैं। पद-गणना की अपेक्षा से आचारांग में अठारह हजार पद, संख्यात अक्षर और अनन्त गम हैं। प्रत्येक वस्तु अनन्त धर्मा है अर्थात् प्रत्येक वस्तु में अनन्त धर्म (ग्रहण) होते हैं, अतः उनके जानने रूप ज्ञान के द्वार भी अनन्त ही होते हैं। चूँकि वस्तु के धर्म अनन्त हैं, अतः पर्याय भी अनन्त हैं। त्रस जीव परीत यानि परिमित या सीमित हैं। स्थावर जीव अनन्त हैं। द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से सभी पदार्थ शाश्वत या नित्य तथा पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा से पदार्थ कृत या अनित्य हैं, सर्व पदार्थ सूत्रों में निबद्ध यानि ग्रथित हैं और निकाचित हैं अर्थात् निर्युक्ति, संग्रहणी, हेतु, उदाहरण आदि से प्रतिष्ठित हैं। इस आचारांग में जिनेन्द्र देव द्वारा उपदिष्ट भाव सामान्य रूप से कथित हैं, विशिष्ट रूप से प्ररूपित हैं,

हेतु, दृष्टान्त आदि के द्वारा दर्शित हैं, विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट और उपनय-निगम के द्वारा उपदर्शित किए जाते हैं।

आचारांग के अध्ययन से आत्मा वस्तु-स्वरूप का तथा आचार-धर्म का ज्ञाता, गुण-पर्यायों का विशिष्ट ज्ञाता व अन्य मतों का भी विज्ञाता होता है। इस प्रकार आचार-गोचरी आदि चरणधर्मों की तथा पिण्डशुद्धि आदि करणधर्मों की प्ररूपणा—इसमें संक्षेप से की जाती है, विस्तार से की जाती है, हेतु-दृष्टान्त से उसे दिखाया जाता है, विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट और उपनय-निगमन के द्वारा उपदर्शित किया जाता है।

With regard to the setting of the twelve canons (Gani Pittak) 'the Achar' is first canon. In it there are two Shrut sections and twenty five chapters. There are eighty five Udeshan Kaal in it. With regard to the counting of the couplets - eighteen thousand couplets, Sankhyat alphabet, infinite beginners (gan) are there in it. Each and every object is of infinite properties it means every object has infinite traits. Hence to know all the modes of these traits, there are infinite gates of knowledge. Since the characteristics of the object are infinite, the numbers of the movable living beings are limited. Every substance is eternal and impermanent. With regard to the substance view point all the substance are eternal and from the mode view point-these are transient. Every substance written in Sutras is Nickachit - endowed with Niryukti, Samgrahni, Hetu and example etc. In the Acharang the ideas expounded by Lord Jindeva are said in generic forum, in peculiar form and are illustrated through parrables etc. All are directed in a peculiar form and are displayed through Upnaya and Nigam.

Through the study of Acharanga the SELF gets the special knowledge of the traits and the mode of substance, knows the conduct, theology and gets the knowledge of other belief, too, the description of purity of food (pind shudhi) purity of going for seeking alms - Charan Dharam and Karan Dharma has been done in brief, elaborately, showed through examples and parrables, directed in special form and is displayed through sub view points.

५१५–से किं तं सूयगडे? सूयगडे णं ससमया सूइज्जंति, परसमया सूइज्जंति, ससमयपरसमया सूइज्जंति, जीवा सूइज्जंति, अजीवा सूइज्जंति, जीवाजीवा सूइज्जंति, लोगो सूइज्जति, अलोगो सूइज्जति लोगालोगो सूइज्जति।

द्वादशांग का द्वितीय अंग सूत्रकृत क्या है? इसमें क्या-क्या वर्णन है?

सूत्रकृत के द्वारा स्वसमय सूचित किए जाते हैं, परसमय सूचित किए जाते हैं, स्वसमय और परसमय सूचित किए जाते हैं, जीव सूचित किए जाते हैं, अजीव सूचित किए जाते हैं, जीव और

अजीव सूचित किए जाते हैं, लोक सूचित किया जाता है, अलोक सूचित किया जाता है, लोक और अलोक सूचित किया जाता है।

What the second canon of twelve canons "the Sutrakrit is?" What is narrated in it?

Swasamaya is pointed out, Prasamaya is pointed out, Swasamaya and Prasamaya are communicated through Sutrakrit, the living beings are indicated, the non-living beings are indicated, living beings are non-living beings are pointed out. Cosmos is indicated, trans-cosmos is indicated, cosmos and trans cosmos are pointed out.

५१६–सूयगडे णं जीवाजीव-पुण्ण-पावासव-संवर-निज्जरण-बंध-मोक्खावसाणा पयत्था सूइज्जंति। समणाणं अचिरकालपव्वइयाणं कुसमयमोह-मोहमइ-मोहियाणं संदेहजायसहजबुद्धि परिणामसंसइयाणं पावकर-मलिनमइ-गुण-विसोहणत्थं असीअस्स किरियावाइयसयस्स, चउरासीए अकिरियवाईणं, सत्तट्ठीए अण्णाणियवाईणं, बत्तीसाए वेणइयवाईणं तिण्हं तेवट्ठीणं अण्णदिट्ठिइयसयाणं बूहं किच्चा ससमए ठाविज्जति। णाणादिट्ठंत-वयण-णिस्सारं सुट्ठु दरिसयंता विविहवित्थाराणुगम-परमसब्भावगुणिविसिट्ठा मोहपहोयारगा उदारा अण्णाणतमंधकारदुग्गेसु दीवभूआ सोवाणा चेव सिद्धिसुगइगिहुत्तमस्स णिक्खोभ-निप्पकंपा सुत्तत्था।

सूत्रकृत के द्वारा समस्त नौ पदार्थ सूचित किए जाते हैं। यथा — १. जीव, २. अजीव, ३. पुण्य, ४. पाप, ५. आस्रव, ६. संवर, ७. निर्जरा, ८. बन्ध, ९. मोक्ष। जो श्रमण अल्पकाल से ही प्रव्रजित हैं, जिनकी बुद्धि कुसमयों या सिद्धान्तों (खोटे समयों-सिद्धान्तों) के सुनने से मोहित है, जिनके अन्तरंग (हृदय) तत्त्व के विषय में सन्देह के उत्पन्न होने से आन्दोलित हो रहे हैं और सहज बुद्धि का परिणमन संशय को प्राप्त हो रहा है, उनकी पाप उपार्जन करने वाली मलिन मति के दुर्गुणों के शोधन करने के लिए क्रियावादियों के एक सौ अस्सी, अक्रियावादियों के चौरासी, अज्ञानवादियों के सड़सठ और विनयवादियों के बत्तीस, इन सब तीन सौ तिरेसठ अन्य वादियों का व्यूह अर्थात् निराकरण करके स्व-समय यानि जैन सिद्धान्त स्थापित किया जाता है। नाना प्रकार के दृष्टान्त पूर्ण युक्तियुक्त वचनों के द्वारा परमत के वचनों की भली-भाँति नि:सारता दिखलाते हुए तथा सत्पद-प्ररूपणा आदि अनेक अनुयोग द्वारों के द्वारा जीवादि तत्त्वों को विविध प्रकार से विस्तारानुगम कर परम सद्भाव गुण-विशिष्ट, मोक्ष मार्ग के अवतारक, सम्यग्दर्शनादि में प्राणियों के प्रवर्तक, सकल सूत्र-अर्थ सम्बन्धी दोषों से रहित, समस्त सद्गुणों से सहित, उदार, प्रगाढ़, अन्धकारमयी दुर्गों में दीपक स्वरूप, सिद्धि और सुगति रूपी उत्तम गृह के लिए सोपान के समान, प्रवादियों के विक्षोभ से रहित निष्प्रकम्प सूत्र और अर्थ सूचित किए जाते हैं।

All the nine substances are indicated through Sutrakrit canon as:- 1. Living being, 2. Non-living being, 3. Merit, 4. Demerit, 5. Influx of Karmas, 6. Stoppage

of Karmas, 7. Annihilation of Karmas, 8. Bondage, 9. Liberation. The Shraman who is consecrated shortly, whose intellect is busy in listening Kusamaya i.e., evil doctrines, whose heart is filled with joy due to growing doubts regarding substances into his inner self and whose straight forward intellect is becoming sceptical, to reform the bad qualities of their foul wisdom, which earns sins of one hundred eighty Kriyavadi, eighty four Akriyavadi, sixty seven Agyanvadi, thirty two Vinayavadi. Removing all these three hundred sixty three formations of non-believers has been established "Swa Samaya" i.e. Jain doctrine. Showing insubstantiality of non-believers through the sermons filled with perfect logics and different types of parables. And the conclusions and unwavering aphorism have been indicated through the real presentation of many Anuyoga Dvars depicting the substances such as beings, in an elaborate form i.e. special quality of supreme true disposition, the propounder. The path of liberation, the originator of being of righteous perception etc. All the scriptures devoid of any defect of conclusion etc., devoid of entire virtues, glow like a lamp in dense dark room of a castle, equal to the ladder for liberation and salvation in the form of a sublime abode devoid of the disturbances of non-believers.

५१७–सूयगडस्स णं परित्ता वायणा, संखेज्जा अणुओगदारा, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ, संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ।

सूत्रकृतांग की वाचनाएँ परिमित हैं अनुयोग द्वार संख्यात हैं प्रतिपत्तियाँ, वेढ, श्लोक तथा निर्युक्तियाँ संख्यात हैं।

The texts of Sutrakritanga are limited, are countable by Anuyogadvar, Pratipattiyan, Ved, Couplets and Niryuktiyan are countable.

५१८–से णं अंगट्ठयाए दोच्चे अंगे, दो सुयक्खंधा, तेवीसं अज्झयणा, तेत्तीसं उद्देसणकाला, तेत्तीसं समुद्देसणकाला, छत्तीसं पदसहस्साइं पयग्गेणं पण्णत्ताइं। संखेज्जा अक्खरा, अणंता गमा, अणंता पज्जवा, परित्ता तसा, अणंता थावरा, सासया कडा णिबद्धा णिकाइया जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति पण्णविज्जंति परूविज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से एवं आया, एवं विण्णाया, एवं चरण-करण-परूवणया आघविज्जंति पण्णविज्जंति परूविज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से तं सुअगडे २।

अंगों की अपेक्षा से यह दूसरा अंग है। इसके दो श्रुतस्कन्ध हैं, तेईस अध्ययन हैं, उद्देशन काल और समुद्देशन काल तेतीस-तेतीस हैं, पदपरिमाण की अपेक्षा से छत्तीस हजार पद हैं, संख्यात अक्षर, अनन्त गम और अनन्त पर्याय हैं। परिमित त्रस व अनन्त स्थावर जीवों का तथा नित्य-अनित्य सूत्र में साक्षात् कथित एवं निर्युक्ति आदि द्वारा सिद्ध जिनेन्द्र भगवान द्वारा प्ररूपित पदार्थों का सामान्य-विशेष रूप से कथन किया गया है, नाम-स्थापना आदि भेद करके प्रज्ञापन किया है, नामादि के स्वरूप का

कथन करके प्ररूपण किया गया है, उपमाओं द्वारा दर्शित किया गया है, हेतु-दृष्टान्त आदि देकर निर्देशित किया गया है तथा उपनय-निगमन द्वारा उपदर्शित किए गए हैं।

इस अंग का अध्ययन करके अध्येता ज्ञाता और विज्ञाता हो जाता है। इस अंग में चरण-करण (मूलगुण-उत्तर गुण) का कथन किया गया है, प्रज्ञापना-प्ररूपणा की गई है। उनका निदर्शन व उपदर्शन कराया गया है। यह सूत्रकृतांग का परिचय है।

In respect of canons this one is the second canon. It has two divisions, twenty three chapters, the *Udeshan* and *Samudeshan kaals* are thirty three each, with regards the number of couplets it has thirty six couplets, countable alphabets, infinite beginnings and infinite modes are there in it. Limited movable beings and infinite immovable beings and there eternal and impermanent sutras are propounded directly and through Niryukati's by liberated Jinendra Bhagwan. The generic and specific mode of substances has been expounded through making difference of name and symbol etc. It has been depicted by narrating, in the mode of naming, showed through similies, directed through parrables and has been displayed through sub-view points and Nigamam.

Through reading this canon the learner becomes the knower. In this canon tha narration of Charan Karmas, the fundamental virtues and proceedings virtues has been done. Wisdom has been described. Its indication and sub perception have been made. It is the introduction of this canon namely Sutrakritang.

५१९–से किं तं ठाणे? ठाणेणं ससमया ठाविज्जंति, परसमया ठाविज्जंति, ससमय-परसमया ठाविज्जंति, जीवा ठाविज्जंति, अजीवा ठाविज्जंति, जीवाजीवा ठाविज्जंति, लोगे ठाविज्जति, अलोगे ठाविज्जति, लोगालोगे ठाविज्जति।

ठाणेणं दव्व-गुण-खेत्त-काल-पज्जव-पयत्थाणं–

सेला सलिला य समुद्दा सूर-भवण-विमाण-आगर-णदीओ।
णिहिओ पुरिसज्जया सरा य गोत्ता य जोइसंचाला।।१।।

–एक्कविहवत्तव्वयं दुविहवत्तव्वयं जाव दसविहवत्तव्वयं जीवाण पोग्गलाण य लोगट्ठाइं च णं परुवणया आघविज्जति।

द्वादशांग का तृतीय अंग स्थानाङ्ग क्या है? उसमें क्या-क्या वर्णन है?

स्थानाङ्ग में जीवादि पदार्थों का प्रतिपादन है। इसके द्वारा स्वसमय स्थापित किए जाते हैं, पर समय स्थापित किए जाते हैं, स्वसमय-परसमय स्थापित किए जाते हैं, जीव स्थापित किए जाते हैं,

अजीव स्थापित किए जाते हैं, जीव-अजीव स्थापित किए जाते हैं, लोक स्थापित किया जाता है, अलोक स्थापित किया जाता है, लोक-अलोक स्थापित किए जाते हैं। स्थानाङ्ग में जीवादि पदार्थ निरूपित हैं। इन पदार्थों का निरूपण द्रव्य, क्षेत्र, काल और पर्याय की अपेक्षा से हुआ है। इस अंग में शैलों यानि पर्वतों का, गंगा प्रभृति महानदियों का, समुद्रों, सूर्यों, भवनों, विमानों, आकरों यानि स्वर्ण आदि की खानों, सामान्य नदियों, चक्रवर्ती की निधियों एवं पुरुषों की अनेक जातियों का, स्वरों के भेदों, गोत्रों और ज्योतिष्क देवों के संचार का वर्णन किया गया है। इस अंग में एक-एक प्रकार के पदार्थों का यावत् दश-दश प्रकार के पदार्थों का कथन किया गया है। उसके अतिरिक्त इस अंग में जीवों का, पुद्गलों का तथा लोक में अवस्थित धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों का भी प्ररूपण किया गया है।

What the third canon of twelve canons the Sthanang is? What has been narrated in it?

In Sthanang Sutra the description of substances like living beings etc. has been done. Through it the "Swa Samaya" is established, the Pra Samaya is established, the Swa Samaya and Pra-Samaya have been established, the living beings are established, the non living beings are established, the living beings and non-livings are established. The cosmos is established, the trans cosmos is established, the cosmos and trans cosmos are established, the substances such as living beings etc. are expounded in *Sthanang Sutra*. The description of these substances have been made according to matter, sphere, time and mode. In this canon the description of Mountains, great rivers like Ganges, oceans, suns, residences, celestial vehicles, places or mines of gold, common rivers, the wealth of supreme lord (Chakravarti), the different creeds of men, types of musical notes, sub castes and the movement of stellar gods have been done. In this canon the description of the objects which has one to ten types has been done. In addition to it the description of matters like living beings, puddagles and the medium of movement (Dharmastikaya) the medium of rest (Adharmastikaya) those are present in this cosmos has been done.

५२०–ठाणस्स णं परित्ता वायणा, संखेज्जा अणुओगदारा, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ, संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ संगहणीओ।

स्थानाङ्ग की परीत यानि सीमित वाचनाएँ हैं, संख्यात अनुयोग द्वार हैं, संख्यात प्रतिपत्तियाँ हैं, वेढ (छन्द विशेष) भी संख्यात हैं, संख्यात श्लोक हैं तथा संख्यात संग्रहणियाँ हैं।

The texts of Sthanang are limited in number, Anuyogdvar are countable, countable Pratipatiyan, the Ved, too, are countable, the couplets are countable, Samgrahniya are Samkhyat.

५२१–से णं अंगट्ठयाए तइए अंगे, एगे सुयक्खंधे, दस अज्झयणा, एक्कवीसं उद्देसणकाला, [एक्कवीसं समुद्देसणकाला] वावत्तरिं पयसहस्साइं पयग्गेणं पण्णत्ताइं। संखेज्जा अक्खरा, अणंता [गमा, अणंता] पज्जवा, परित्ता तसा, अणंता थावरा सासया कडा णिबद्धा णिकाइया जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति पण्णविज्जंति, परूविज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से एवं आया, एवं णाया एवं विण्णाया, एवं चरण-करणपरूवणया आघविज्जंति–। से तं ठाणे ३।

यह स्थानाङ्ग अंग की अपेक्षा तीसरा अंग है। इस तृतीय अंग में एक श्रुतस्कन्ध है, दश अध्ययन हैं, इक्कीस उद्देशन काल हैं,(इक्कीस समुद्देशन काल हैं), पद गणना की अपेक्षा से इस अंग में बहत्तर हजार पद हैं, संख्यात अक्षर हैं, अनन्त गम यानि ज्ञान के प्रकार हैं, अनन्त पर्याय हैं, परीत त्रस हैं, अनन्त स्थावर हैं द्रव्य दृष्टि से समस्त भाव शाश्वत हैं पर्याय की दृष्टि से अनित्य हैं निबद्ध हैं निकाचित हैं, जिन-प्रज्ञप्त हैं, इन सब भावों का इस अंग में कथन किया जाता है, प्रज्ञापन किया जाता है, प्ररूपण किया जाता है, निदर्शन किया जाता है और उपदर्शन किया जाता है। इस अंग का अध्ययन करने वाला ज्ञाता-विज्ञाता हो जाता है। इस प्रकार चरण-करण प्ररूपणा के द्वारा वस्तु के स्वरूप का कथन, प्रज्ञापन-प्ररूपण, निदर्शन व उपदर्शन किया जाता है। यह तृतीय स्थानांग का परिचय है।

Sthanang is the third canon of twelve canons. In this third canon there is only one section, ten chapters, twenty one Udshan Kaal and Samudeshan Kaal each. With regard the number of couplets there are seventy two thousand couplets in it. Countable alphabets are there, infinite beginnings i.e. the types of knowledge, infinite modes, limited movable beings, infinite immovable are there, from the substantial point of view the entire dispositions are eternal and from the mode point of view all the substances are impermanent, transient, nikachit and has been described by Jinas. In this canon all these kinds of dispositions are indicated, expounded, directed and showed. The reader of this canon becomes knower and knowledgeable. In this way the description through Charan-Karana, the narration, indication, depiction, explanation and sub perception of matter have been done. This one is the introduction of third canon Sthananga.

५२२–से किं तं समवाए? समवाए णं ससमया सूइज्जंति, परसमया सूइज्जंति, ससमय-परसमया सूइज्जंति। जीवा सूइज्जंति, अजीवा सूइज्जंति, जीवाजीवा सूइज्जंति, लोगे सूइज्जति, अलोगे सूइज्जति, लोगालोगे सूइज्जति।

द्वादशांग का चतुर्थ अंग समवायाङ्ग क्या है? इसमें क्या-क्या वर्णन है?

समवायाङ्ग में स्वसमय सूचित किए जाते हैं, परसमय सूचित किए जाते हैं, स्वसमय-परसमय सूचित किए जाते हैं। जीव सूचित किए जाते हैं, अजीव सूचित किए जाते हैं, जीव-अजीव सूचित किए जाते हैं, लोक सूचित किया जाता है, अलोक सूचित किया जाता है, लोक-अलोक सूचित किए जाते हैं।

What the fourth canon of twelve canons " the Samvayang is?" What kinds of description has been made in it?

Swa-Samaya is made indicated in Samvayanga, Pra Samaya is indicated, Swa Samaya and Pra Samaya are indicated in it, the living beings are indicated, the non-living beings are indicated, the living beings and non-living beings are indicated in it, the cosmos (Loka) is indicated, the trans cosmos (Aloka) is indicated, the cosmos and trans cosmos are indicated in it.

५२३–समवाएणं एकाइयाणं एगट्ठाणं एगुत्तरियपरिवुड्ढीए दुवालसंगस्स वि गणिपिडगस्स पल्लवग्गे समणुगाइज्जइ, ठाणगसयस्स बारसविहवित्थरस्स सुयणाणस्स जगजीवहियस्स भगवओ समासेणं समोयारे आहिज्जति। तत्थ य णाणाविहप्पगारा जीवाजीवा य वण्णिया, वित्थरेण अवरे वि य बहुविहा विसेसा नरग-तिरिय-मणु-सुरगणाणं आहारुस्सास-लेसा-आवास-संख-आययप्पमाण-उववाय-चवण-उग्गहणोवहि-वेयणविहाण-उपओग-जोग-इंदिय-कसाया विविहा य जीवजोणी विक्खंभुस्सेहपरिरयप्पमाणं विहिविसेसा य मंदरादीणं महीधराणं कुलगर-तित्थगर-गणहराणं सम्मत्त-भरहाहिवाणचक्कीणं चेव चक्कहर-हलहराण य वासाण य निगमा य समाए एए अण्णे य एवमाइ इत्थ वित्थरेणं अत्था समाहिज्जंति।

समवायाङ्ग में एक, दो, तीन आदि एक-एक स्थान की परिवृद्धि करते हुए शत-सहस्र, कोटा-कोटि पर्यन्त पदार्थों का तथा द्वादशांग गणिपिटक के पल्लवाग्रों (पर्यायों के प्रमाण) का कथन किया जाता है, सौ तक के स्थानों का तथा बारह अंगरूप में विस्तार को प्राप्त, जगत् के जीवों के हितकारक भगवान् श्रुतज्ञान का संक्षेप से समवतार किया जाता है। इस समवायाङ्ग में नाना प्रकार के भेद-प्रभेद वाले जीव-अजीव पदार्थों का वर्णन किया जाता है, विस्तारपूर्वक अन्य भी विविध प्रकार के विशेष तत्त्वों का, नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव-गणों के आहार, उच्छ्वास, लेश्या-आवास-संख्या, उनके आयाम-विष्कम्भ का प्रमाण, उपपात (जन्म), च्यवन (मरण), अवगाहना, उपधि, वेदना, विधान (भेद), उपयोग, योग, इन्द्रिय, कषाय, विविध प्रकार की जीव-योनियाँ, पर्वत-कूट आदि के विष्कम्भ, उत्सेध (ऊँचाई) परिरय (परिधि) के प्रमाण, मन्दर आदि महीधरों यानि पर्वतों के विविध भेद विशेष, कुलकरों, तीर्थंकरों, गणधरों समस्त भरत क्षेत्र के अधिपति (स्वामी) चक्रवर्तियों का, चक्रधर-वासुदेवों व हलधरों (बलदेवों) का, क्षेत्रों-निगमों का अर्थात् पूर्व-पूर्व क्षेत्रों से उत्तर के यानि आगे के क्षेत्रों के अधिक विस्तार का तथा इसी प्रकार के अन्य भी पदार्थों का इस समवायांग में सविस्तार वर्णन किया गया है।

In Samvayanga, by increasing the Sthanak from one to hundred, thousand and millions in the number of one, two, three etc., the description of the matter and the proved Knowledge of Modes (Pallvagia) of twelve canons (ganpitak) is

done. The description, in brief, of Bhagwan Shrutgyan (knowledge of scriptures) for the benefit of living beings, the sthanak upto one hundred and detailed form twelve canons have been done. In this canon the description of different types and sub types of objects of living beings and non-living beings has been done. Amid the elaborately description of some other kinds of special substances such as hell, animal realm, human beings, celestial beings and their food, breathings, thought colouration, number of residences, the measurement of its expansion, reincarnation as gods and their descending to other realms, specific form, title, feeling of joy and pain, Bhed, use of consciousness, activities of mind, speech and body, senses, passion, different kinds of yonis, the expansion and height of mountains and its peaks, the measurement of circumferences, the special structural description of Mountain Mandar etc., the description of Kulkars, Ford makers, Head of ascetic groups, the entire supreme lords (Chakravarti) of Bharat Kshetra, Lords (Vasudevas) weilding Chakra, Co-lords (Baldevas) weilding plough, the regional corporations i.e. the more expanded advanced regions from its preceeding regions and likewise of others objects have been elaborately done.

५२४–समवायस्स णं परित्ता वायणा, संखेज्जा अणुओगदारा, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ, संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ।

समवायाङ्ग की परीत वाचनाएँ हैं, संख्यात अनुयोग द्वार हैं, संख्यात प्रतिपत्तियाँ हैं, संख्यात वेढ हैं, संख्यात श्लोक हैं तथा संख्यात निर्युक्तियाँ हैं।

The texts of the Samvayanga are limited the Anuyogdvars are countable, Pratipattiyan are countable, Ved is countable, Couplets are countable and Niryuktiyas are countable.

५२५–से णं अंगट्ठयाए चउत्थे अंगे, एगे अज्झयणे, एगे सुयक्खंधे, एगे उद्देसणकाले (एगे समुद्देसणकाले)। चउयाले पदसयसहस्से पदग्गेणं पण्णत्ते। संखेज्जाणि अक्खराणि, अणंता गमा, अणंता पज्जवा, परित्ता तसा, अणंता थावरा सासया कडा निबद्धा निकाइया जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति पण्णविज्जंति परूविज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से एवं आया, एवं विण्णाया, एवं चरण-करण परूवणया आघविज्जंति–। से तं समवाए ४।

यह समवायाङ्ग अङ्ग की अपेक्षा चतुर्थ अंग है। इसमें एक अध्ययन है, एक श्रुतस्कन्ध है, एक उद्देशन काल है, [एक समुद्देशन काल है]। पद-गणना की अपेक्षा से इस अंग के एक लाख चवालीस हजार पद कहे गए हैं। इसमें संख्यात अक्षर हैं, अनन्त गम यानि ज्ञान के प्रकार हैं, अनन्त पर्याय हैं, परीत त्रस, अनन्त स्थावर व शाश्वत कृत (अनित्य), निबद्ध-निकाचित, जिनप्रज्ञप्त भाव इस अंग में कहे जाते हैं, प्रज्ञापित किए जाते हैं, प्ररूपित किए जाते हैं, निर्देशित किए जाते हैं और उपदर्शित किए

जाते हैं। इस अंग का अध्येता आत्मा ज्ञाता-विज्ञाता होता है। इस प्रकार चरण-करण की प्ररूपणा के द्वारा वस्तु-स्वरूप का कथन, प्रज्ञापन, प्ररूपण, निदर्शन-उपदर्शन किया जाता है। यह चतुर्थ अंग समवायाङ्ग का परिचय है।

With regard the canons "the Samavayanga' is fourth one. There is only one chapter in it. One Shrut section, one Udeshan Kaal and one Smudeshan Kaal are there in it. With regard to the couplets one lac forty thousand couplets have been said in it. In it there are countable letters, infinite beginnings i.e., the types of knowledge, infinite modes, limited movable beings, infinite immovable objects and eternal, impermanent, bounded, Nikachit expounded by Jin Deva-dispositions are stated, indicated, propounded, instructed and shown in this canon. The reader of the canon becomes knowledgeable and knower of the SELF, thus through the description of Charan-Karan, the narration, indication, depiction, instructions and the presentation of the modes of the matter have been done, this one is the fourth canon.

५२६–से किं तं विवाहे? विवाहेण ससमया विआहिज्जंति, परसमया विआहिज्जंति, ससमय-परसमया विआहिज्जंति, जीवा विआहिज्जंति, अजीवा विआहिज्जंति, जीवाजीवा विआहिज्जंति, लोगे विआहिज्जइ, अलोए विआहिज्जइ, लोगालोगे विआहिज्जइ।

द्वादशाङ्ग का पंचम अंग व्याख्याप्रज्ञप्ति क्या है? इसमें क्या-क्या वर्णन है?

व्याख्याप्रज्ञप्ति में स्वसमय का व्याख्यान किया जाता है, पर-समय का व्याख्यान किया जाता है, स्वसमय-परसमय का व्याख्यान किया जाता है। जीव व्याख्यात किए जाते हैं, अजीव व्याख्यात किए जाते हैं, जीव-अजीव व्याख्यात किए जाते हैं। लोक व्याख्यात किया जाता है, अलोक व्याख्यात किया जाता है, लोक-अलोक व्याख्यात किए जाते हैं।

What the fifth canon of twelve canons "the Vyakhya Pragyapti is?" what kind of description has been made in it?

In Vyakhya Pragyapti the description of Swa Samaya is done, the description of Pra Samaya is done, the description of Swa Samaya-Pra Samaya is done. Living beings are described, non-living beings are described, Living beings and Non-living beings are described in it. Cosmos (Loka) is described, trans cosmos is described, cosmos and trans cosmos are described.

५२७–विवाहे णं नाणाविहसुर-णरिंद-रायरिसि-विविहसंसइअ-पुच्छिआणं जिणेणं वित्थरेण भासियाणं दव्व-गुण-खेत्त-काल-पज्जव-पदेस-परिणाम-जहत्थिभाव-अणुगम-निक्खेव-णयप्पमाण-सुनिउणोवक्कम-विविहप्पकार-पगडपयासियाणं लोगालोगपयासियाणं

संसारसमुद्द-रुंद-उत्तरण-समत्थाणं सुरवइ-संपूजियाणं भवियजण-पय-हिययाभिनंदियाणं तमरयविद्धंसणाणं सुदिट्ठदीवभूय-ईहामति-बुद्धि-वद्धणाणं छत्तीससहस्समणूणयाणं वागरणाणं दंसणाओ सुयत्थबहुविहप्पगारा सीसहियत्था य गुणमहत्त्था।

व्याख्याप्रज्ञप्ति में नाना प्रकार के देवों, नरेन्द्रों, राजर्षियों तथा अनेक प्रकार के संशयशील लोगों के द्वारा पूछे गए प्रश्न और जिनेन्द्रदेव के द्वारा भाषित उत्तर वर्णित हैं। द्रव्य, गुण, क्षेत्र, काल, पर्याय, प्रदेश-परिमाण यथास्थित भाव, अनुगम, निक्षेप, नय, प्रमाण, सुनिपुण-उपक्रमों के विविध प्रकारों के द्वारा प्रकट रूप से प्रकाशित करने वाले, लोकालोक को प्रकाशित करने वाले, विस्तृत संसार-समुद्र से पार उतारने में समर्थ, इन्द्रों द्वारा संपूजित, भव्यजन प्रजा के अथवा भव्य जनपदों के हृदयों को अभिनन्दित करने वाले, तमोरज के विध्वंसक, सुदृष्ट-सुनिर्णीत दीपक स्वरूप, ईहा, मति और बुद्धि के वर्द्धक ऐसे अन्यून यानि सम्पूर्ण छत्तीस हजार व्याकरणों को दिखाने से यह व्याख्या-प्रज्ञप्ति सूत्रार्थ के अनेक प्रकारों का प्रकाशन करने वाला है, शिष्यों का हित करने वाला है, तथा गुणों से महान अर्थ से परिपूर्ण है।

In Vyakhya Pragyapti the answers given by Jin Deva of the question asked by different kinds of gods, chief gods, crown sages (Raj Rishis) and many kinds of doubtful natured men, have been narrated, the Sutra namely Vyakhyapragyapti is to illuminate substance, traits, space, time, mode, space-points measurement, steadfast disposition, Anugam, Nikshep (starting point for searching truth), philosophical view point (Naya), approved knowledge (Praman) through the different kinds of perfect activities. It is to illuminate cosmos and trans-cosmos, capable to make one to cross this vast mundane ocean, worshipped by chief gods, one who pays obeisance to the hearts of subjects–capable of getting salvation, the destroyer of dark dust (tamahraj), similar to a nicely visible and nicely placed lamp, the enhancer of speculatory (Iha), sensory knowledge (Mati) and intelligence. Thus the Vyakhya Pragyapti Sutra is to bring into light more or less than thirty six thousand (Vyakaran) questions and answers on the subjects mentioned above in different forms of Sutras, it is beneficial to the disciples and is great in qualities, and is entirely meaningful.

५२८–वियाहस्स णं परित्ता वायणा, संखेज्जा अणुओगदारा, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ, संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ।

व्याख्याप्रज्ञप्ति की परीत वाचनाएँ हैं, संख्यात अनुयोगद्वार हैं, संख्यात प्रतिपत्तियाँ हैं, संख्यात वेढ (छन्द-विशेष) हैं, संख्यात श्लोक हैं व संख्यात निर्युक्तियाँ हैं।

The texts are limited of Vyakhya Pragyapti Sutra, Anuyoga is countable, Pratipattiyan are countable, Veds are countable, couplets are countable and Niryuktiyan are samkhyat.

५२९–से णं अंगट्ठयाए पंचमे अंगे, एगे सुयक्खंधे, गऐ साइरेगे अज्झयणसते, दस उद्देसग-सहस्साइं, दस समुद्देसगसहस्साइं, छत्तीसं वागरणसहस्साइं चउरासीइं पयसहस्साइं पयग्गेणं पण्णत्ता। संखेज्जाइं अक्खराइं, अणंता गमा, अणंता पज्जवा, परित्ता तसा, अणंता थावरा, सासया कडाणिबद्धा णिकाइया जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति पण्णविज्जंति, परूविज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति। से एवं आया, से एवं णाया, एवं विण्णाया एवं चरण-करणपरूवणया आघविज्जति। से तं विवाहे ५।

यह व्याख्याप्रज्ञप्ति अंगरूप से पंचम अंग है। इस अंग में एक श्रुतस्कन्ध है, शताधिक अध्ययन हैं, दश हजार उद्देशक हैं, दश हजार समुद्देशक हैं, छत्तीस हजार प्रश्नों के उत्तर हैं। पद-गणना की अपेक्षा से चौरासी हजार पद हैं, संख्यात अक्षर हैं, अनन्त गम यानि ज्ञान के प्रकार हैं, अनन्त पर्याय हैं, परीत त्रस हैं, अनन्त स्थावर हैं, ये समस्त शाश्वत, कृत, निबद्ध, निकाचित, जिन-प्रज्ञप्त-भाव इस अंग में कथित हैं, प्रज्ञापित हैं, प्ररूपित हैं, निदर्शित-उपदर्शित हैं। इस अंग का अध्येता आत्मा ज्ञाता-विज्ञाता होता है। इस प्रकार चरण-करण की प्ररूपणा के द्वारा वस्तु के स्वरूप का कथन, प्रज्ञापन, प्ररूपण, निदर्शन तथा उपदर्शन किया जाता है। यह पंचम अंग व्याख्या-प्रज्ञप्ति का परिचय है।

In the form of canons Vyakhya Pragyapti is fifth canon. There is one Shrut section in it, more than ten chapters are there, Udeshan and Samudeshan are ten thousand each. Answers are of thirty six thousand questions. With regard to the couplets eighty four thousand couplets are there, alphabets are samkhyat, infinite beginnings i.e., types of knowledge, infinite modes, movable beings are limited, immovables beings are infinite. All these eternal, composed, Nikachit, Jina's propounded dispositions have been narrated, indicated, described, instructed, displayed and shown in this canon. The reader of this canon becomes the knower and perceptor of the SELF. In this way through the description of Charan-Karana the explanation, indication, narration, sub perception and vision of the matter is done. This Vyakhya Pragyapti is the fifth canon.

५३०–से किं तं णायाधम्मकहाओ? णायाधम्मकहासु णं णायाणं णगराइं उज्जाणाइं चेइआइं वणखंडा रायाणो ५, अम्मा-पियरो समोसरणाइं धम्मायरिया धम्मकहाओ इहलोइय-परलोइअइड्ढीविसेसा १०, भोयपरिच्चाया पव्वज्जाओ सुयपरिग्गहा तवोवहाणाइं परियागा १५, संलेहणाओ भत्तपच्चक्खाणाइं पाओवगमणाइं देवलोगगमणाइं सुकुलपच्चायायाइं २०, पुणबोहिलाभा अंतकिरियाओ २२ य आघविज्जंति परूविज्जंति दंसिज्जंति निदंसिज्जंति उवदंसिज्जंति।

द्वादशांग का छठा अंग ज्ञाताधर्मकथा क्या है? इसमें क्या-क्या वर्णन है?

ज्ञाताधर्मकथा में ज्ञात (उदाहरण रूप) मेघकुमार प्रभृति पुरुषों के १. नगर, २.उद्यान, ३. चैत्य, ४. वनखण्ड, ५. राजा, ६. माता-पिता, ७. समवसरण, ८. धर्माचार्य, ९. धर्मकथा, १०. इहलौकिक-पारलौकिक ऋद्धि-विशेष, ११. भोग-परित्याग, १२. प्रव्रज्या, १३. श्रुत परिग्रह, १४. तप उपधान, १५. दीक्षा पर्याय, १६. संलेखना, १७. भक्त प्रत्याख्यान, १८. पादपोपगमन, १९. देवलोक-गमन, २०. सुकुल में पुनर्जन्म, २१. पुनः बोधिलाभ, २२. अन्त क्रियाएँ कही गई हैं। इनकी प्ररूपणा की गई है। दर्शन, निदर्शन और उपदर्शन किया गया है।

What the sixth canon of twelve canons "Gyata Dharam Katha" is? What is described in it?

In Gyata Dharam Katha, about the well known persons begin with Megh Kumar has been stated, expounded, shown, instructed and displayed such as :- 1. Cities, 2. Garden, 3. Chaitya, 4. Forests, 5. Kings, 6. Mother-Father, 7. Religious Assembly, 8. Religious dialogue, 9. Religious discourse, 10. Extra ordinary wealth of this world and of metaphysical world, 11. Renunciation of enjoyments, 12. Conservation, 13. Shrut possessiveness, 14. Adopting the penance, 15. Ascetic mode, 16. Samlekhana, 17. Restraint of food, 18. Padopagaman (to lay down in immovable state), 19. Voyage to Devloka, 20. Re-incarnation in religious family, 21. Regain of cognition, 22. Final activities.

५३१-नायाधम्मकहासु णं पव्वइयाणं विणय-करण-जिणसामिसासणवरे संजम-पइण्णपालणधिइ-मइ-ववसायदुब्बलाणं १, तवनियम-तवोवहाण-रण-दुद्धर-भर-भग्गाणिसहय-णिसिट्ठाणं २, घोर-परीसह-पराजियाणंऽसहपारद्ध-रुद्धसिद्धालय-महग्गा-निग्गयाणं ३, विसयसुह-तुच्छ-आसावम-दोसमुच्छियाणं ४, विराहिय-चरित्त-नाण-दंसण-अइगुण-विविहप्पयार-निस्सारसुन्नयाणं ५, संसार-अपार-दुक्खदुग्गइ-भवविविह-परंपरापवंचा ६, धीराण य जियपरिसह-कसाय-सेण्ण-धिइ-धणिय-संजम-उच्छाह-निच्छियाणं, आराहियनाण-दंसण-चरित्तजोग-निस्सल्ल-सुद्धसिद्धालय-मग्गमभिमुहाणं सुरभवण-विमाणसुक्खाइं अणोवमाइं भुत्तूण चिरं च भोगभोगाणि ताणि दिव्वाणि महरिहाणि। ततो य कालक्कमचुयाण जह य पुणो लद्धसिद्धिमग्गाणं अंतकिरिया। चलियाण य सदेव-माणुस्सधीर-करण-कारणाणि बोधण-अणुसासणाणि गुण-दोस दरिसणाणि। दिट्ठंते पच्चये य सोऊण लोगमुणिणो जह य ठियासासणम्मि जर-मरण-नासणकरे आराहिअसंजमा य सुरलोगपडिनियत्ता ओवेन्ति जह सासयं सिवं सव्वदुक्खमोक्खं, एए अण्णे य एवमाइअत्था वित्थरेण य।

ज्ञाताधर्मकथा में प्रव्रजित पुरुषों के विनय-करण-प्रधान, प्रवर जिन-भगवान के शासन की संयम-प्रतिज्ञा के पालन करने में जिनकी धृति, मति और व्यवसाय यानि पुरुषार्थ दुर्बल हैं, तपश्चरण का नियम

और तप का परिपालन करने रूप रण (युद्ध) के दुर्धर भार को वहन करने से भग्न हैं-पराङ्मुख हो गए हैं, अतः अत्यन्त अशक्त होकर संयम-पालन करने का संकल्प छोड़ दिया है, घोर परीषहों से पराजित हो गए हैं, अतः संयम के साथ प्रारम्भ किए गए मोक्ष-मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से जो सिद्धालय के कारणभूत महामूल्य ज्ञानादि से पतित हैं, जो इन्द्रियों के तुच्छ विषय-सुखों की आशा के वश होकर रागादि दोषों से मूर्च्छित हो रहे हैं, चारित्र-ज्ञान-दर्शन स्वरूप यति-गुणों से और उनके विविध प्रकारों के अभाव से जो सर्वथा निःसार और शून्य हैं, जो अपार सांसारिक दुःखों की तथा नरक-तिर्यञ्चादि नाना दुर्गतियों की भव-परम्परा के प्रपंच में पड़े हैं, ऐसे पतित पुरुषों की कथाएँ हैं। तथा जो धीर-वीर हैं, परीषहों और काषायिक सेना के विजेता हैं, धैर्य के धनी हैं, संयम में उत्साही और बल-वीर्य के प्रकटीकरण में दृढ़ निश्चयी हैं, ज्ञान-दर्शन-चारित्र तथा समाधि-योग के आराधक हैं मिथ्यादर्शन-माया-निदानादि शल्यों से रहित होकर शुद्ध-निर्दोष सिद्धालय के मार्ग की ओर अभिमुख हैं, ऐसे महापुरुषों भी कथाएँ इस अंग में कथित हैं। तथा जो संयम का परिपालन कर देवेलोक में उत्पन्न हो देव-भवनों व देव-विमानों के अनुपम सुखों को और दिव्य बहुमूल्य, उत्तम भोग-उपभोगों को चिर-काल तक भोग कर कालक्रम के अनुसार वहाँ से च्युत हो पुनः यथा योग्य मुक्ति के मार्ग को प्राप्त कर अन्तक्रिया से समाधिमरण के समय कर्म-वश विचलित हो गए हैं, उनको देवों और मनुष्यों के द्वारा धैर्य धारण कराने में कारण भूत, संबोधनों व अनुशासनों को, संयम के गुण और संयम से पतित होने के दोष-दर्शक दृष्टान्तों को तथा प्रत्ययों को अर्थात् बोधि के कारणभूत वाक्यों को सुनकर शुक परिव्राजक आदि लौकिक मुनिजन भी जन्म-मरण का नाश करने वाले जिन शासन में जिस प्रकार से स्थित हुए, उन्होंने जिस प्रकार से संयम भी आराधना की, पुनः देवलोक में उत्पन्न हुए, वहाँ से आकर मनुष्य हो जिस प्रकार शाश्वत सुख को और सर्व दुःख-विमोक्ष को प्राप्त किया, उनकी तथा इसी प्रकार के अन्य अनेक महापुरुषों की कथाएँ इस अंग में विस्तार पूर्वक कही गई हैं।

